Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 135 | सोमवार, 25 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# भारत-अमेरिका की दोस्ती में नया अध्याय

## 10 साल के लिए रक्षा सौदा रिन्यू, अंडरवाटर निगरानी पर करार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ हुई संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा और आर्थिक मोर्चे पर हुए समझौतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच 10 साल के प्रमुख रक्षा साझेदारी फ्रेमवर्क समझौते को हाल ही में रिन्यू किया गया है।

इसके साथ ही दोनों देशों ने पानी के नीचे की गतिविधियों की निगरानी के लिए एक व्यापक 'अंडरवाटर डोमेन अवेयरनेस' रोडमैप पर भी हस्ताक्षर किए हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण और हाल के युद्धों से सीखे गए सबक को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।



### व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने पर जोर

आर्थिक मोर्चे पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, 'हमने आपसी फायदे वाले व्यापार से जुड़े अंतरिम समझौते के आखिरी ड्राफ्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के महत्व पर चर्चा की है।

यह एक बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, जिसकी योजना फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान बनाई गई थी। हाल ही में हमारी एक टीम वाशिंगटन में थी और हमें उम्मीद है कि जल्द ही एक अमेरिकी टीम भी इस सिलसिले में भारत का दौरा करेगी।'

### लोकतंत्र में जनता को देना होता है जवाब

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के प्रति जवाबदेही पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'मुझे वाशिंगटन वापस जाकर अपने हर फैसले को अमेरिकी जनता के सामने सही ठहराना होता है और राष्ट्रपति को भी यही करना होता है। हमें बताना पड़ता है कि कोई फैसला हमारे देश के लिए क्यों अच्छा है। भारत में हमारे साथियों को भी ठीक यही करना होता है। दुनिया के हर देश में यह बात कुछ हद तक सच हो सकती है, लेकिन लोकतंत्रों के लिए यह विशेष रूप से सच है।'

### 1.4 अरब लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा जरूरी

डॉ. जयशंकर ने ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर भारत का पक्ष रखते हुए कहा, 'हमारी सरकार की सबसे पहली जिम्मेदारी देश के 1.4 अरब लोगों की जरूरतों को पूरा करना है। जनता के लिए ऊर्जा की पहुंच और उसकी सही कीमत सुनिश्चित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसलिए, हम हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच हुए ऊर्जा व्यापार के विस्तार का स्वागत करते हैं। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के केंद्र में अलग-अलग सप्लाई सोर्सेज शामिल हैं।' उन्होंने आगे बताया कि बैठक में परमाणु ऊर्जा सहयोग पर भी बात हुई है। अमेरिका में 'शांति अधिनियम' के पास होने से नई संभावनाएं खुली हैं। हाल ही में एक अमेरिकी दल भारत आया था और उम्मीद है कि परमाणु क्षेत्र में सहयोग जल्द ही हकीकत बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी पक्ष से जुड़े कुछ नियामक मुद्दे भी रूबियो के सामने उठाए।

### स्वतंत्र मीडिया और खुली जांच का महत्व

मार्को रूबियो ने भारत के बड़े मीडिया जगत का जिक्र करते हुए कहा, 'लोकतंत्रों में विपक्षी दल होते हैं और एक स्वतंत्र व खुला मीडिया होता है। भारत में तो बहुत सारे मीडिया संस्थान हैं, जिसका मतलब है कि यहां हर चीज की बहुत बारीकी से जांच-परख होती है और उस पर पूरा ध्यान दिया जाता है। लेकिन यही बात हमारे हितों को एक-दूसरे के साथ जोड़ती है।

हम दोनों ही इस बात को मानते हैं और हमारे बीच यह आपसी सम्मान और समझ है कि हम जो भी फैसला लेते हैं या जिस भी काम पर साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, आखिरकार हमें अपने मतदाताओं और अपनी जनता के पास वापस जाकर उसे सही ठहराना होता है, जिन्होंने हमें इन पदों पर बिठाया है।'

## फाल्टा विधानसभा सीट पर बीजेपी का भगवा परचम, देबांग्शु पांडा ने 1 लाख वोटों से दर्ज की रिकॉर्ड जीत



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली फालता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने एक नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने 1,09,021 वोटों के एक बहुत बड़े अंतर से शानदार जीत हासिल की है। इस सीट पर विजयी रहे भाजपा प्रत्याशी पांडा को कुल 1,49,666 वोट मिले। वहीं दूसरी तरफ, दूसरे नंबर पर रहे माकपा के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी को 40,645 वोट और कांग्रेस के उम्मीदवार अब्दुर्रजाक मोल्ला को महज 10,084 वोट ही मिल सके। फालता विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार देबांग्शु पांडा की इस रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। आपको बता दें कि फालता सीट पर 21 मई को दोबारा चुनाव कराया गया था। इस सीट पर असली मुकाबला भाजपा के देबांग्शु पांडा और तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान के बीच माना जा रहा था। लेकिन चुनाव की तारीख 21 मई से ठीक पहले टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान मैदान से पीछे हट गए थे। इसके बाद इस सीट पर मुख्य रूप से पांच उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में बचे थे, जिनमें भाजपा की सीधी टक्कर माकपा के शंभू नाथ कुर्मी से हो गई थी। 21 मई को हुए इस पुनर्मतदान में जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था और इस सीट पर कुल 86.11 प्रतिशत की भारी वोटिंग दर्ज की गई थी।

## 'अराजकता की साजिश रच रहे राहुल गांधी': पीयूष गोयल का आरोप, कहा-देश में हिंसा फैलाना चाहते हैं कांग्रेस नेता

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी शक्तियों के इशारे पर देश में अराजकता पैदा करके नरेंद्र मोदी सरकार को अस्थिर करने की साजिश रच रहे हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने दावा किया कि राहुल गांधी की योजना का पदार्फाश हो चुका है। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले मंगलवार को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की बैठक में कथित तौर पर कहा था कि मोदी सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी।



### टूलकिट गैंग और विदेशी ताकतों से साठगांठ

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट साझा की। गोयल ने लिखा कि राहुल गांधी का यह बयान एक बड़ी साजिश की तरफ इशारा करता है। इसमें कांग्रेस, कई विपक्षी दल और एक टूलकिट गैंग शामिल है, जो भारत को अस्थिर करने का सपना देख रहे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता पीयूष गोयल ने एक मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि यह कोई साधारण बयान नहीं है। बल्कि, यह देश में अराजकता फैलाने के उद्देश्य से रची गई एक गंभीर साजिश है। गोयल ने आगे आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी देश भर में हिंसा भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह समझ आ गया है कि वे सीधे चुनावी मुकाबले में भाजपा को नहीं हरा सकते और न ही मोदी सरकार को हटा सकते हैं, क्योंकि देश की जनता प्रधानमंत्री का बेहद सम्मान करती है। गोयल ने निशाना साधते हुए कहा कि भारत के प्रति उनकी नफरत इतनी गहरी है कि वे देश में कुछ भी सकारात्मक होते हुए नहीं देख सकते।

### दंगों और जॉर्ज सोरोस के एजेंडे का आरोप

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने भी राहुल गांधी के इस कथित बयान पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने भाजपा सांसद के रूप में एक वीडियो संदेश जारी कर कांग्रेस नेता पर देश में दंगे भड़काकर मोदी सरकार को बेदखल करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

पात्रा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर धृष्टता दिखाई है। कल एक बैठक में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एक साल में गिर जाएगी। राहुल गांधी देश की जनता को भड़काकर और अराजकता के जरिए सरकार को हटाने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी के बयानों से यह पूरी तरह साफ है कि वह जॉर्ज सोरोस जैसे अपने आकाओं और उनकी विदेशी यात्राओं के लिए फंडिंग करने वाली विदेशी कंपनियों के इशारे पर विदेशी एजेंडा चला रहे हैं, जिसका मकसद भारत में लोकतंत्र को खत्म करना है।

## पीएम मोदी के मुरीद हुए शशि थरूर, मालदीव से संबंध सुधारने को बताया मास्टरस्ट्रोक



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** राजनीति में अक्सर पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हमलावर रहते हैं, लेकिन कभी-कभी कुछ बयान चर्चा का बड़ा विषय बन जाते हैं। इस बार कांग्रेस सांसद शशि थरूर का एक बयान सुर्खियों में है। मालदीव के साथ भारत के रिश्तों का जिक्र करते हुए थरूर ने ऐसा उदाहरण दिया, जिसे कई लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की विदेश नीति की अप्रत्यक्ष सराहना के तौर पर देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुश्किल हालात में मदद करके कैसे देशों के बीच भरोसा मजबूत होता है। शशि थरूर ने अमेरिका के फ्लेचर स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान मालदीव का 'India Out' वाला पूरा किस्सा सुनाया। उनके ऑफिस की ओर से साझा किए गए वीडियो में थरूर ने कहा कि एक समय मालदीव में भारत के खिलाफ माहौल था, लेकिन संकट के वक्त भारत ने बिना किसी शर्त मदद की। उनके इस बयान की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है, क्योंकि इसे भारत की पड़ोसी देशों के साथ अपनाई गई नीति के उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है। थरूर ने उस दौर को याद किया जब नवंबर 2023 में मोहम्मद मुइज्जू मालदीव के राष्ट्रपति बने थे। मुइज्जू ने चुनाव के दौरान 'कल्र्लं डिं४३' अभियान चलाया था। बाद में उनकी सरकार ने कुछ भारतीय कर्मियों की वापसी की बात कही और भारत से जुड़े कुछ समझौतों की समीक्षा भी शुरू हुई। जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के कुछ नेताओं की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ा था। थरूर ने बताया कि इसी दौरान मालदीव की राजधानी माले में पानी साफ करने वाला मुख्य डिसैलिनेशन प्लांट खराब हो गया, जिससे पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि भारत ने बिना देर किए लाखों लीटर पीने का पानी भेजा और बदले में कुछ नहीं मांगा।

## ग्लोबल इमरजेंसी के बीच भारत ने कांगो-युगांडा के लिए जारी की सख्त यात्रा सलाहकार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** अफ्रीका में इबोला बीमारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने रविवार को एक अहम एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी उन भारतीय नागरिकों के लिए है जो कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान में रह रहे हैं या वहां की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। सरकार ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी स्वास्थ्य नियमों का सख्ती से पालन करने और अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है।




### अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने परामर्श में साफ कहा है कि इन देशों में लगातार बिगड़ते हालात और विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की गैर जरूरी यात्रा से बचना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस गंभीर स्थिति को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

### बुंडिबुग्यो स्ट्रेन का प्रकोप और जोखिम

मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत में अभी तक इबोला के 'बुंडिबुग्यो वायरस स्ट्रेन' का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। अफ्रीका सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने कांगो और युगांडा में फैल रहे इस स्ट्रेन के प्रकोप को 'महाद्वीपीय सुरक्षा का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' माना है। इसके अलावा कांगो और युगांडा की सीमाओं से सटे दक्षिण सूडान जैसे देशों को भी संक्रमण के सबसे ज्यादा खतरे वाले इलाकों में रखा गया है।

### हवाई अड्डों और प्रवेश बिंदुओं पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश

WHO की आपातकालीन समिति ने 22 मई को सीमाओं और प्रवेश बिंदुओं पर बीमारी की निगरानी को मजबूत करने के लिए जरूरी सिफारिशें जारी की हैं। इसका मुख्य उद्देश्य उन यात्रियों की जांच करना और उनका पता लगाना है, जो प्रभावित क्षेत्रों से आ रहे हैं और जिनमें बिना वजह तेज बुखार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

### इबोला की गंभीर स्थिति और इलाज की चुनौती

इबोला एक बेहद खतरनाक और जानलेवा बीमारी है। यह एक वायरल बुखार है जो शरीर के अंदरूनी अंगों से खून बहने का कारण बनता है। इबोला वायरस के बुंडिबुग्यो स्ट्रेन के संक्रमण से होने वाली इस बीमारी में मरीजों की मृत्यु दर काफी ज्यादा होती है। सबसे चिंता की बात यह है कि बुंडिबुग्यो स्ट्रेन को रोकने या इसके इलाज के लिए अभी तक कोई स्वीकृत वैक्सीन या विशेष दवा उपलब्ध नहीं है।

## उत्तर कन्नड़ में थट्टे हक्कालु नदी में डूबे आठ लोग, सात महिलाएं शामिल



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**कन्नड़।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में थट्टे हक्कालु नदी में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें सात महिलाएं शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना भटकल के पास हुई, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन टीमों ने बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी लगातार खोज और राहत अभियान चला रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मामले में आगे की जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई ,जब बारिश के कारण नदी का बहाव अचानक तेज हो गया और लोग सीप इकट्ठा करते हुए गहरे पानी में चले गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ताजा पानी की सीप इकट्ठा करना कुछ लोगों के लिए आजीविका का साधन है। इनमें से कई लोग इस काम में अनुभवी भी थे और पहले भी ऐसा करते रहे हैं।

# 'कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपा, अब उन पर विश्वास नहीं करेंगे', डीएमके की बैठक में भड़के स्टालिन

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु की राजनीति में बढ़ती दरार के बीच द्रमुक की युवा इकाई के प्रमुख उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि वे कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा न करें। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने चुनावी लाभ लेने के बाद द्रमुक की पीठ में छुरा घोंपा है। उदयनिधि ने शनिवार को द्रमुक युवा इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, '20 वर्षों से अधिक समय तक कांग्रेस हमारी पीठ पर सवार रही। आज उसने हमारी पीठ में छुरा घोंपा है। इसे कोई नहीं भूलेगा। भविष्य में किसी भी परिस्थिति में कांग्रेस पर भरोसा नहीं करना है और न ही उन्हें दोबारा हमारे करीब आने देना है।' उन्होंने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए भाजपा की लगातार चुनावी सफलताओं के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि ने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा की लगातार जीत के मुख्य कारण हैं, लेकिन अब उनकी राय बदल गई है। उन्होंने कहा, 'लेकिन ऐसा नहीं है। भाजपा की जीत का सबसे बड़ा कारण कांग्रेस पार्टी है। अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है।' उदयनिधि ने कहा कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में द्रमुक ने गठबंधन धर्म पूरी निष्ठा से निभाया। उन्होंने कहा कि द्रमुक कार्यकताओं ने धर्मनिरपेक्षता की रक्षा और तमिलनाडु में भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए खून-पसीना एक कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया, 'इस चुनाव में भी लगभग अस्तित्वहीन हो चुकी कांग्रेस केवल द्रमुक कार्यकताओं की अथक मेहनत के कारण पांच सीटें जीत सकी। लेकिन जीतते ही वे सत्ता के लिए भाग गए और शिष्टाचार के तहत इसकी सूचना देना भी जरूरी नहीं समझा।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस में न तो कृतज्ञता बची है और न ही राजनीतिक शालीनता। उदयनिधि ने विश्वास जताया कि यदि द्रमुक उन्हें सबक नहीं भी सिखाएगी, तो तमिलनाडु की जनता जल्द ही ऐसा करेगी। उदयनिधि स्टालिन ने युवा इकाई के सदस्यों से कहा, 'हमने बाहर जाकर प्रचार किया, लेकिन मुझे लगता है कि हम अपने ही घरों में राजनीतिक संवाद नहीं कर पाए। बाहर अजनबियों को राजनीतिक रूप से जागरूक करने से पहले अपने परिवार और बच्चों से उनकी भाषा में राजनीति पर बात कीजिए।' उन्होंने सत्तारूढ़ टीवीके सरकार के कथित ऑनलाइन माफिया और फर्जी नैरेटिव का मुकाबला फैक्ट आधारित तथ्यों और प्रभावी डिजिटल अभियान के जरिए करने का भी आ'ान किया। पूर्व मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने पार्टी की युवा इकाई के सदस्यों से इतिहास का नया अध्याय लिखने का आ'ान करते हुए कहा कि वे ही द्रमुक का भविष्य हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शनिवार को आयोजित युवा इकाई की बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, 'हमें अपनी योजनाओं और उन्हें लागू करने के तरीकों को और मजबूत बनाना होगा। रचनात्मक राजनीतिक विमर्श करना चाहिए। आइए, नया इतिहास रचें।'



बैठक में पारित नौ प्रस्तावों में से एक अन्य प्रस्ताव में इस महीने सत्ता संभालने के बाद तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर सत्तारूढ़ टीवीके सरकार की आलोचना की गई। प्रस्ताव में कहा गया, 'राज्य में हत्या, लूट और यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नई सरकार के सत्ता में आने के बाद बीते 13 दिनों में 30 से अधिक हत्या, लूट और यौन अपराध की घटनाएं सामने आई हैं।'

## संपादक की कलम से

# तकनीकी क्रांति और लोकतांत्रिक चुनौती के बीच जनगणना



ललित शर्मा
संपादक

भारत वर्ष 2027 में अपनी पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना कराने जा रहा है। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारत की शासन व्यवस्था, विकास नीति और लोकतांत्रिक ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। जिस प्रकार स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना ने नवगठित राष्ट्र को अपनी जनसंख्या, संसाधनों और सामाजिक संरचना को समझने का आधार दिया था, उसी प्रकार 2027 की डिजिटल जनगणना भारत को डेटा-आधारित शासन के नए युग में प्रवेश कराने वाली है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक मानी जा रही है, जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन, सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल, क्लाउड-आधारित रियल-टाइम डेटा अपलोड, जियो-टैगिंग और डिजिटल डैशबोर्ड जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। भारत में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। उसके बाद कोविड-19 महामारी सहित कई कारणों से 2021 की जनगणना टलती चली गई। परिणामस्वरूप देश को लगभग 14 वर्षों तक पुराने आंकड़ों पर निर्भर रहना पड़ा। इस दौरान भारत में शहरीकरण, प्रवासन, रोजगार संरचना, डिजिटल उपयोग, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसंख्या वितरण में भारी परिवर्तन हुए हैं। ऐसे में 2027 की जनगणना केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं होगी, बल्कि यह आधुनिक भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करने का माध्यम बनेगी। विशेष बात यह है कि यह पहली बार होगा जब भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इतनी बड़ी जनगणना डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और दक्षता में दिखाई देता है। पारंपरिक कागजी जनगणना में डेटा एकत्र करने, उसकी जांच करने, कोडिंग, प्रविष्टि और विश्लेषण में दो वर्ष या उससे अधिक समय लग जाता था। लेकिन डिजिटल प्रणाली में डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा, जहां स्वचालित सत्यापन और विश्लेषण की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे प्रारंभिक परिणाम दस दिनों के भीतर और अंतिम विस्तृत रिपोर्ट छह से नौ महीनों में उपलब्ध हो सकती है। यह बदलाव केवल समय बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण की गति और सटीकता को भी कई गुना बढ़ा सकता है। यदि सरकार के पास समय पर विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध होंगे, तो रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, आवास और शहरी नियोजन जैसी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। डिजिटल प्रणाली में त्रुटियों को कम करने की भी व्यापक संभावना है। मोबाइल एप्लिकेशन में प्री-कोडेड विकल्प, ऑटो-फिल, रियल-टाइम वैलिडेशन और जियो-कोडिंग जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे गलत प्रविष्टियों की संभावना कम होगी। प्रत्येक भवन को एक विशिष्ट भौगोलिक निर्देशांक से जोड़ा जाएगा, जिससे न केवल भवनों की सही गणना संभव होगी बल्कि विकास योजनाओं के लिए स्थान-आधारित विश्लेषण भी आसान होगा। उदाहरण के लिए, किसी क्षेत्र में स्कूलों, अस्पतालों या जलस्रोतों की उपलब्धता का विश्लेषण जनसंख्या घनत्व के साथ जोड़ा जा सकेगा। इससे सरकार को यह समझने में आसानी होगी कि किन क्षेत्रों में संसाधनों की कमी है और कहां निवेश की आवश्यकता अधिक है। डिजिटल जनगणना का एक और महत्वपूर्ण पहलू पारदर्शिता है। नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी भर सकेंगे और उसे सत्यापित कर सकेंगे।

## शतरंज की बिसात

उदय किशोर साह



कविता

शतरंज की बिछ गई जग में बिसात
बम बारूद की हो रही है बरसात
सब्र कर प्यारे कुछ दिन की है बात
मिट जायेगें मैदान के घात प्रतिघात

मानवता का बन गया है .जो दुश्मन
दिन रात कर रहे हैं मौत का आचमन
उजाड़ रहे है खिलता हँसता वो चमन
कैसी खेल खेल रहा है धन का दुर्जन

बस्ती बस्ती वो गाँव गाँव जवार
अपनों से अपना बिछड़ रहा परिवार
निकल पड़ा है बैरी करने जग संहार
कैसी मूरख बुद्धि पाई है ये गवांर

दो दिन का जग है एक धर्मशाला
पी लो रे मूरख जहर का. तुँ भी प्याला
एक दिन निकलेगा तेरा भी दिवाला
जग में तेरी मुँह हो जायेगा काला काला

षड़यंत्र को मत दो अब और। अंजाम
जग को दो प्यारे शांति धर्म का। ज्ञान
हर जन जीव जन्तु का है सबका जहान
मानव बन मानवता का बनो कद्रदान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कक्षा बारह के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू करें: जितनी जल्दी आप शुरूआत करेंगे, आपकी सफलता की संभावना उतनी ही अधिक होगी



डॉ विजय गर्ग
लेखक

भारत में हर वर्ष लाखों युवाओं का सपना होता है कि वे संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा पास करके आईएएस, आईपीएस, आईएफएस या अन्य उच्च प्रशासनिक सेवाओं में जाएँ। यह परीक्षा केवल एक नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि देश और समाज की सेवा करने का अवसर भी है। लेकिन यह भी सच है कि यूपीएससी को देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में गिना जाता है। इसलिए इसकी तैयारी भी गंभीरता, अनुशासन और लंबे समय की योजना की मांग करती है। अधिकांश विद्यार्थी स्नातक (ग्रेजुएशन) के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू करते हैं, जबकि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में जो छात्र कक्षा बारह के तुरंत बाद ही इसकी तैयारी की दिशा में कदम बढ़ा देते हैं, वे अक्सर दूसरों से आगे निकल जाते हैं। जितनी जल्दी तैयारी शुरू होगी, उतना अधिक समय समझ विकसित करने, लेखन कौशल सुधारने, सामान्य ज्ञान बढ़ाने और व्यक्तित्व को निखारने के लिए मिलेगा।

### जल्दी शुरूआत क्यों जरूरी है?

कक्षा बारह के बाद का समय किसी भी विद्यार्थी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इसी समय उसका दृष्टिकोण बनता है, आदतें विकसित होती हैं और करियर की दिशा तय होती है। यदि इस समय विद्यार्थी यूपीएससी जैसी परीक्षा के बारे में सोचकर अपनी तैयारी शुरू कर देता है, तो उसे धीरे-धीरे विषयों को समझने और मजबूत आधार तैयार करने का अवसर मिल जाता है। यूपीएससी का पाठ्यक्रम बहुत व्यापक है। इसमें इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, पर्यावरण, अंतरराष्ट्रीय संबंध, समाज और समसामयिक घटनाओं जैसे अनेक विषय शामिल होते हैं। इन सभी विषयों को कम समय में समझना आसान नहीं होता। लेकिन यदि विद्यार्थी बारहवीं के बाद ही प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा अध्ययन शुरू कर दे, तो आने वाले वर्षों में यही छोटी-छोटी कोशिशें बड़ी सफलता का आधार बन जाती हैं।

### ग्रेजुएशन के साथ मजबूत तैयारी

बारहवीं के बाद तैयारी शुरू करने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई को भी यूपीएससी के अनुरूप चुन सकता है। उदाहरण के लिए यदि कोई छात्र राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल या अर्थशास्त्र जैसे विषयों में स्नातक करता है, तो वही विषय आगे चलकर यूपीएससी की तैयारी में बहुत मदद करते हैं। इस तरह विद्यार्थी एक साथ दो लक्ष्यों पर काम करता है– ग्रेजुएशन की पढ़ाई और सिविल सेवा की तैयारी। इससे समय की बचत होती है और विषयों की समझ भी गहरी होती जाती है।




### एनसीईआरटी और बुनियादी समझ का महत्व

यूपीएससी की तैयारी का सबसे मजबूत आधार एनसीईआरटी की किताबें मानी जाती हैं। यदि विद्यार्थी बारहवीं के बाद ही इन पुस्तकों को पढ़ना शुरू कर दे, तो उसकी अवधारणाएँ बहुत मजबूत हो जाती हैं। इतिहास को केवल रटने के बजाय समझना, भूगोल को नक्शों के माध्यम से जानना, संविधान की मूल भावना को समझना और अर्थव्यवस्था की बुनियादी जानकारी हासिल करना–ये सभी बातें धीरे-धीरे तैयारी को मजबूत बनाती हैं।

### अखबार पढ़ने की आदत

यूपीएससी की तैयारी केवल किताबों तक सीमित नहीं होती। यह परीक्षा उम्मीदवार की सोच, समझ और जागरूकता को भी परखती है। इसलिए समाचार पत्र पढ़ना बहुत जरूरी माना जाता है।

यदि विद्यार्थी बारहवीं के बाद ही प्रतिदिन अखबार पढ़ने की आदत डाल ले, तो उसकी भाषा बेहतर होती है, शब्दावली मजबूत होती है और देश-दुनिया की घटनाओं के प्रति समझ विकसित होती है। संपादकीय लेख पढ़ने से विश्लेषणात्मक सोच विकसित होती है, जो मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू दोनों में बहुत उपयोगी साबित होती है।

### उत्तर लेखन की कला

यूपीएससी मुख्य परीक्षा में केवल जानकारी होना पर्याप्त नहीं है; उस जानकारी को सीमित शब्दों में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना भी जरूरी होता है। यही कारण है कि उत्तर लेखन को तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। जो विद्यार्थी शुरूआती वर्षों से ही छोटे-छोटे नोट्स बनाना, लेख लिखना और प्रश्नों के उत्तर लिखना शुरू कर देते हैं, वे आगे चलकर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। नियमित लेखन अभ्यास से विचारों को व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित होती है।

### मानसिक दबाव कम होता है

बहुत से विद्यार्थी ग्रेजुएशन पूरी होने के बाद अचानक यूपीएससी की तैयारी शुरू करते हैं। तब उन्हें लगता है कि पाठ्यक्रम बहुत बड़ा है और समय बहुत कम। इससे मानसिक दबाव बढ़ जाता है। लेकिन यदि तैयारी पहले से चल रही हो, तो विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ परीक्षा का सामना करता है। उसके पास विषयों को दोहराने, गलतियों को सुधारने और मॉक टेस्ट देने के लिए पर्याप्त समय होता है।

### व्यक्तित्व विकास में मदद

यूपीएससी केवल ज्ञान की परीक्षा नहीं है; यह व्यक्तित्व की भी परीक्षा है। इंटरव्यू में उम्मीदवार के आत्मविश्वास, व्यवहार, सोच और दृष्टिकोण को परखा जाता है। यदि विद्यार्थी शुरूआती समय से ही किताबें पढ़ता है, चर्चाओं में भाग लेता है, सामाजिक मुद्दों को समझता है और अपने विचार व्यक्त करना सीखता है, तो उसका व्यक्तित्व स्वाभाविक रूप से विकसित होता है। यही गुण आगे चलकर उसे एक बेहतर प्रशासक बनने में मदद करते हैं।

### अनुशासन और समय प्रबंधन

यूपीएससी की तैयारी विद्यार्थी को अनुशासित बनाती है। जल्दी तैयारी शुरू करने वाले छात्र समय का सही उपयोग करना सीख जाते हैं। वे पढ़ाई, समाचार, नोट्स और आत्ममूल्यांकन के बीच संतुलन बनाना सीखते हैं। इसके अलावा वे सोशल मीडिया और समय बर्बाद करने वाली गतिविधियों से भी धीरे-धीरे दूरी बनाना सीख जाते हैं। यह आदत केवल परीक्षा ही नहीं, बल्कि पूरे जीवन में सफलता दिलाने में मदद करती है।

### केवल कोचिंग नहीं, सही दिशा जरूरी

आजकल कई विद्यार्थी यह मान लेते हैं कि महंगी कोचिंग के बिना यूपीएससी पास नहीं की जा सकती। जबकि वास्तविकता यह है कि सफलता का आधार निरंतर मेहनत, सही रणनीति और आत्म-अध्ययन होता है। बारहवीं के बाद विद्यार्थी घर पर रहकर भी अपनी तैयारी की मजबूत शुरूआत कर सकते हैं। एनसीईआरटी की किताबें, मानक पुस्तकें, अच्छे समाचार पत्र और नियमित अभ्यास–ये सभी सफलता की मजबूत नींव बन सकते हैं।

### माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका

अक्सर छात्रों पर केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने का दबाव डाला जाता है। लेकिन समाज को अच्छे प्रशासकों की भी आवश्यकता होती है। माता-पिता और शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को सिविल सेवा के बारे में जागरूक करें और सही मार्गदर्शन दें। यदि किसी विद्यार्थी को समय रहते सही दिशा मिल जाए, तो वह अपने सपनों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकता है।

### निष्कर्ष

यूपीएससी की तैयारी कोई छोटी यात्रा नहीं है। यह धैर्य, मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का मार्ग है। जो विद्यार्थी कक्षा बारह के बाद ही इस दिशा में कदम बढ़ा देते हैं, उनके पास खुद को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त समय होता है। जितनी जल्दी शुरूआत होगी, उतनी ही मजबूत नींव तैयार होगी। और जब नींव मजबूत हो, तो सफलता की इमारत भी ऊँची और स्थायी बनती है। इसलिए यदि किसी विद्यार्थी का सपना सिविल सेवा में जाने का है, तो उसे आज से ही तैयारी की शुरूआत कर देनी चाहिए। क्योंकि सही समय पर उठाया गया एक छोटा कदम भविष्य में बड़ी सफलता का कारण बन सकता है।

# कॉकरोच जनता पार्टी: अपमान से जन्मा डिजिटल जनविद्रोह



प्रो. आरके जैन
लेखक

सपनों की उम्र जब नीट के पेपर लीक, अधूरी भर्तियों और बेरोजगारी में उलझे, तब गुस्सा भीतर ही भीतर जमा होने लगता है। 15 मई 2026 की अदालत टिप्पणी ने उसी दबे आक्रोश को आवाज दी। जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ बेरोजगार युवाओं को 'कॉकरोच' और 'परजीवी' कहा, तो यह बयान पूरी पीढ़ी के आत्मसम्मान पर चोट बन गया।

युवाओं ने चुप रहने के बजाय अपमान को प्रतिरोध में बदला दिया। कुछ ही दिनों में 'कॉकरोच जनता पार्टी' अभियान सोशल मीडिया पर फैल गया और उसके फॉलोअर्स कई मिलियन पार कर गए। यह लोकप्रियता नहीं, बल्कि गहरे असंतोष और टूटते भरोसे का संकेत है, जिसे युवा लंबे समय से भीतर दबाए बैठे हैं। अभिजीत दीपके ने इसे व्यंग्य के रूप में शुरू किया था, लेकिन अब यह मजाक की सीमा बहुत पीछे छोड़ चुका है। यह सिर्फ इंटरनेट पर चल रहा कोई क्षणिक मजाक या मीम अभियान नहीं है; इसके पीछे उस पीढ़ी की घुटन है, जो डिग्री लेकर भी बेरोजगारी की कतारों में खड़ी है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं, भर्तियां रद्द होती हैं और परिणाम अटक जाते हैं। लाखों युवा कोचिंग में समय, पैसा और मानसिक शांति खो रहे हैं। ऐसे में जब व्यवस्था उन्हें 'परजीवी' की नजर से देखे, तो आक्रोश फूटना स्वाभाविक है। युवाओं ने 'कॉकरोच' शब्द को अपमान नहीं, बल्कि प्रतिरोध की पहचान बना दिया। उनका संदेश है – व्यवस्था उन्हें कितना भी कुचलने की कोशिश करे, वे मिटने वाले नहीं हैं।

जैसे कॉकरोच हर कठिन परिस्थिति में जीवित रह जाता है, वैसे ही यह पीढ़ी भी संघर्षों के बीच खुद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है। लंबे भाषणों और नारों के बीच 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने व्यंग्य को अपना हथियार बना लिया है। जहां पारंपरिक राजनीतिक दल विचारधाराओं में उलझते हैं, वहीं यह अभियान मीम्स, छोटे वीडियो और इंटरनेट संस्कृति से युवाओं से जुड़ रहा है। इसकी सदस्यता की शर्तें भी व्यवस्था पर तंज हैं – बेरोजगार होना, दिनभर ऑनलाइन रहना, पेशेवर ढंग से शिकायत करना और आलसी दिखना।




पहली नजर में यह मजाक लगता है, लेकिन इसमें आज के युवा भारत की सच्चाई छिपी है। करोड़ों युवाओं के पास डिग्री और मेहनत है, पर अवसर नहीं। इसी कारण सोशल मीडिया पर लाखों युवा 'मैं भी कॉकरोच हूं' कहकर अपनी पीड़ा साझा कर रहे हैं। कोई 5 साल से परीक्षा की तैयारी में अटका है, किसी को साक्षात्कार के बाद भी नौकरी नहीं मिली, तो कोई असफलताओं से टूट चुका है।

यह आंदोलन केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक दबाव को भी उजागर कर रहा है। नौकरी का अभाव सिर्फ आय नहीं छीनता, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को कमजोर करता है। देश में युवा अवसाद, अकेलेपन और भविष्य के भय से जूझ रहे हैं। छोटे शहरों और गांवों से छात्र बड़े शहरों में कोचिंग और नौकरी की तलाश में आते हैं, लेकिन असफलता और असुरक्षा उनका पीछा करती है। परिवार की उम्मीदें, समाज के ताने और सोशल मीडिया की बनावटी सफलताएं इस दबाव को बढ़ा देती हैं। 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने इस दर्द को सार्वजनिक चर्चा में जगह दी है। यही कारण है कि यह आंदोलन इंटरनेट से आगे बढ़कर दिल्ली, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों में ऑफलाइन मुलाकातों और छोटे कस्बों में व्हाट्सऐप समूहों के जरिए लोगों को जोड़ रहा है। स्क्रीन पर उठती प्रतिक्रियाएं अब वैश्विक राजनीति की नई शुरूआत बन चुकी हैं। पिछले दशक में कई बड़े जनआंदोलन सोशल मीडिया से ही शुरू हुए।

अरब स्प्रिंग में युवाओं ने फेसबुक और ट्विटर से सत्ता को चुनौती दी, श्रीलंका के आर्थिक संकट में ऑनलाइन गुस्सा सड़कों तक पहुंचा और सरकार परिवर्तन हुआ, जबकि बांग्लादेश में छात्रों ने डिजिटल मंचों को आंदोलन का साधन बनाया। इसी बदलाव के बीच भारत में 'कॉकरोच जनता पार्टी' एक नए दौर का संकेत देती है, जहां इंटरनेट केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जनभावनाओं का मंच बन चुका है। यहां शुरूआत गंभीर नारों से नहीं, बल्कि व्यंग्य और हास्य से हुई है। लेकिन इतिहास बताता है कि कई बार सबसे हल्की हंसी के भीतर गहरा असंतोष छिपा होता है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह केवल डिजिटल शोर बनकर रह जाएगा या आगे चलकर चुनावी ताकत में बदल पाएगा। 'कॉकरोच जनता पार्टी' के पास फिलहाल कोई संगठित ढांचा नहीं है–न चुनावी मशीनरी, न संसाधन और न मजबूत जमीनी नेटवर्क। लेकिन उसकी ताकत उसी जगह है जहां आज राजनीति बदल रही है–डिजिटल स्पेस। लाखों युवाओं का जुड़ना दिखाता है कि देश में असंतोष का नया रूप उभर रहा है। यदि यह आंदोलन छात्र संगठनों, बेरोजगार युवाओं या क्षेत्रीय शक्तियों से जुड़ता है, तो यह पारंपरिक दलों के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने भी इसे युवा असंतोष का प्रतिबिंब माना है। साफ है कि अब सत्ता और विपक्ष दोनों इसे नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं। डिजिटल युग में किसी आंदोलन की असली परीक्षा केवल उसकी लोकप्रियता नहीं, बल्कि उस पर सत्ता की प्रतिक्रिया भी होती है। सोशल मीडिया पर खातों को सीमित करना, सामग्री हटाना और इस अभियान को 'राष्ट्रविरोधी' या 'अराजक' बताने की कोशिशें दिखाती हैं कि इसे हल्के में नहीं लिया जा रहा। लेकिन इंटरनेट के दौर में विचारों को पूरी तरह रोकना कठिन है, खासकर जब वे करोड़ों युवाओं के अनुभव से जुड़े हों। यही कारण है कि 'कॉकरोच' का प्रतीक इतना प्रभावी बन गया है – वह दबाने पर भी खत्म नहीं होता। आज का युवा पारंपरिक मीडिया पर निर्भर नहीं है; वह स्वयं कंटेंट बनाता है, विचार गढ़ता है और वायरल कर देता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' इसी डिजिटल आत्मनिर्भरता का परिणाम है। जब दर्द आवाज बनने लगे और स्क्रीन पर दिखने लगे, तो वह सिर्फ ट्रेंड नहीं रहता, संकेत बन जाता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' अब इंटरनेट मजाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की अभिव्यक्ति है जो खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस करती है। इसका भविष्य अनिश्चित है– यह शांत हो सकता है या बदलाव का कारण बन सकता है। इतिहास दिखाता है कि सत्ता अक्सर युवा असंतोष को शुरूआत में हल्के में लेती है। लेकिन यह पीढ़ी अब चुप नहीं है; वह दर्द को मीम, अपमान को प्रतीक और गुस्से को डिजिटल आंदोलन में बदल रही है। यह केवल नाम नहीं, बल्कि चेतावनी है– और जब उपहास जनता का हथियार बन जाता है, तब सबसे मजबूत व्यवस्थाएं भी भीतर से दरकने लगती हैं।

# मीडिया : हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं



तनवीर जाफरी
लेखक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात,नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली देशों का दौरा किया। इस दौरान नॉर्वे की एक घटना ने एक बार फिर मीडिया उसके कर्तव्य व दायित्व को लेकर बहस छेड़ दी। दरअसल ओस्लो में जब मोदी, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ जैसे ही मंच से जाने लगे उसी समय एक युवा महिला पत्रकार हेला लिंग ने मोदी को संबोधित करते हुये कुछ सवाल पूछे। हेला लिंग ने पूछा 'प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस से सवाल क्यों नहीं लेते? मोदी पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए। इस घटना के फौरन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा उसी जगह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई जिसमें पत्रकार हेला लिंग को भी बुलाया गया। वहाँ भी हेला लिंग ने भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर कई तीखे सवाल पूछे, जिस पर भारतीय अधिकारियों ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और विकास का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास किया। परन्तु नॉर्वे की इस घटना पर भारतीय 'गोदी मीडिया' ने युवा साहसी महिला पत्रकार हेला लिंग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया और उन्हें मीडिया के कर्तव्य व दायित्व बोध का पाठ पढ़ने लगा। 'गोदी मीडिया' ने महिला पत्रकार के इस तरीके को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की रणनीति' करार दिया। वहीं भारत के ही स्वतंत्र, डिजिटल, वैकल्पिक, निष्पक्ष व सोशल मीडिया ने पत्रकार हेला की जमकर तारीफ की। इस वर्ग ने हेला लिंग के साहस की सराहना की और इसे 'सच्ची पत्रकारिता' का उदाहरण बताया तथा इस पूरी घटना को वैश्विक स्तर पर प्रेस की आजादी और लोकतंत्र में जवाबदेही से जोड़कर देखा। कुछ स्वतंत्र विचारकों




और कई सोशल मीडिया पोर्टल्स ने तो इस अवसर का प्रयोग उन 'गोदी पत्रकारों' पर तंज कसने के लिए किया जो सत्ता से सवाल पूछने के बजाये सत्ता की खुशामद में लगे रहते हैं। यही वजह है कि जो सवाल भारत के शीर्ष मुख्यधारा के पत्रकारों को पूछने चाहिए थे वही सवाल एक विदेशी पत्रकार को पूछने पड़ रहे हैं। दरअसल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने अब तक एक भी नियमित संवाददाता सम्मेलन आयोजित नहीं किया है। अपने एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं बताया था कि वे पुरानी परिपाटी जहाँ नेता मीडिया के माध्यम से अपनी बात प्रसारित करते थे, के बजाय सीधे जनता के बीच जाकर काम करने और नई कार्य संस्कृति स्थापित करने पर विश्वास रखते हैं। मन की बात,सार्वजनिक रैलियां,चुनावी सभाएं, सम्पादकीय पृष्ठ के अपने आलेख,किसी कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जन सभा आदि के माध्यम से जनता से इकतरफा संवाद करना प्रधानमंत्री का पसंदीदा तरीका है। जबकि भारत के लगभग सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की यह नियमित परंपरा रही थी कि वे विदेश दौरों से लौटने,विमान में या देश में समय-समय पर खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया करते थे। सच तो यह है कि मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मीडिया से जुड़े उनके कुछ ऐसे 'कटु अनुभव' रहे हैं जिसके चलते वे अब पुनः 'साहसी ' पत्रकारों से रूबरू होकर पुनः अपनी वैसी फजीहत नहीं कराना चाहते। याद कीजिये अक्टूबर 2007 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे,उस समय वरिष्ठ पत्रकार करण थापर ने सी एन एन-आई बी एन के प्रसिद्ध शो 'डेविल्स एडवोकेट' के लिए अहमदाबाद में मोदी का इंटरव्यू लिया था। करण थापर ने मोदी से अपने पहले सवाल में ही 2002 के गुजरात दंगों को लेकर पूछा कि 'दंगों के पांच साल बाद भी उनकी छवि एक 'क्रूर शासक' की बनी हुई है, इसे सुधारने के लिए उन्होंने क्या किया'? जब मोदी ने कहा कि जनता उन्हें अच्छे से जानती है, तो थापर ने अगला सवाल किया कि 'आप यह क्यों नहीं कह देते कि आपको दंगों में मारे गए लोगों का दुख या पछतावा है? क्या सरकार को मुसलमानों की सुरक्षा के लिए और कदम नहीं उठाने चाहिए थे?' इस सवाल पर मोदी पूरी तरह असहज हो गए। उन्होंने कहा कि जो मुझे कहना था, मैं उस समय कह चुका हूँ। परन्तु जब थापर ने बार-बार उसी सवाल को दोहराया, तो मोदी ने इंटरव्यू आगे बढ़ाने से मना कर दिया। 3- 4 मिनट के भीतर ही मोदी ने पानी पीने का बहाना कर अपने कुर्ते पर लगा माइक निकाला और उसे टेबल पर रख दिया। फिर उन्होंने बहुत ही शालीनता से थापर से कहा–'दोस्ती बनी रहे। आप यहाँ आए, इसके लिए धन्यवाद।' इसके बाद वे कैमरे के सामने से उठकर चले गए। ऐसी ही दूसरी घटना वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान की है। उस समय वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी एन डी टी वी के लिए 'चक्रव्यूह' नामक एक शो करते थे। उन्होंने मोदी का इंटरव्यू चुनावी रैली पर जाते समय हेलीकॉप्टर यात्रा के दौरान लिया। त्रिवेदी ने भी मोदी से पूछा कि क्या गुजरात दंगों के लिए भाजपा या उन्हें (मोदी को) माफी मांगनी चाहिए? मोदी ने इस पर कहा कि वे इस विषय पर कई इंटरव्यू में पहले ही बोल चुके हैं। लेकिन जब त्रिवेदी ने लगातार इस सवाल पर दबाव बनाया, तो मोदी का मूड बदल गया। बाद मोदी ने गुस्से में आकर सवालों के जवाब देना पूरी तरह बंद कर दिया और चुप हो गए। मोदी ने अपना ही हाथ आगे बढ़ाकर कैमरे के लेंस को बंद करवा दिया। इसके बाद का पूरा सफर दोनों ने बिना एक-दूसरे से बात किए और खिड़की से बाहर देखते हुए बिताया।

# खुले में न करें कुबार्नी, साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान: प्रशासनिक अधिकारी

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार को क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पूरनपुर कोतवाली परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं से संवाद कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक के दौरान स्थानीय नागरिको ने नगर पालिका देहात क्षेत्र क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से ब्लॉक रोड की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया और त्योहार के मद्देनजर उक्त मार्ग सहित पूरे नगर में मुकम्मल साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। धार्मिक मामलों और त्योहार की संवेदनशीलता पर बात करते हुए हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कुबार्नी के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि, शासन और मजहबी गाइडलाइंस के अनुसार किसी भी हाल में कुबार्नी खुले में न की जाए। उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न करने और अवशेषों को सुरक्षित तरीके से निस्तारित करने पर जोर दिया क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे ने सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाते हुए कहा कि त्योहार के दौरान हुड़दंग करने वालों और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस बल क्षेत्र में लगातार गश्त करेगा। बैठक में मुख्य रूप से हाफिज असलम नूरी, हाफिज अरशद खान, हाजी रियाजत नूर खान, सैफ रजा मोन्टू, तकी खान, जावेद खान, अमानत खां, नूरुल खा ताज मोहम्मद और हाजी फैयाज अहमद सहित भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग और जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# चीन में भारत का परचम लहराने वाले संदीप बंसल का ब्राह्मण सभा ने किया सम्मान

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** चीन में आयोजित वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग और डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी संदीप बंसल को ब्राह्मण सभा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में संदीप बंसल ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता और कोच को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष कनाडा में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में वह हिस्सा लेंगे और एक बार फिर भारत का परचम लहराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने संदीप बंसल की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पुनीत शर्मा (एलआईसी), प्रशांत कौशिक, विक्की शर्मा, भरत लाल शर्मा, दिव्यांग आयोग बोर्ड के मुखिया जी, बॉबी पाठक, प्रवीण शर्मा, सौरभ तिवारी सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# ईद-उल-अजहा पर अमन और भाईचारे की तंजीम अइम्मा ए मसाजिद की ओर से अपील



लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** रविवार दोपहर दो बजे तंजीम अइम्मा ए मसाजिद की ओर से ईद-ए-अजहा 2026 को लेकर मुस्लिम समाज से शरीअत और कानून के दायरे में रहकर त्योहार मनाने की अपील की गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कुबार्नी केवल निर्धारित और अधिकृत स्थानों पर ही की जाए तथा साफ-सफाई और हाइजीन का विशेष ध्यान रखा जाए। लोगों से जानवर खरीदते समय रसीद लेने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी या खून न फैलाने की भी अपील की गई है।

साथ ही सोशल मीडिया पर कुबार्नी की फोटो और वीडियो पोस्ट करने से बचने को कहा गया है, ताकि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आपसी भाईचारा और अमन कायम रखने पर जोर दिया गया। हाफिज नूर अहमद अजहरी।

# बहन के घर पहुंचे युवक पर आधी रात जानलेवा हमला, लाठी के वार से फूटा सिर- जगतपुर की घटना से दहला इलाका

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम जगतपुर में एक ऐसी सनसनीखेज घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों की मयार्दा और इंसानियत दोनों को शर्मसार कर दिया। बहन के घर पहुंचे युवक पर कथित तौर पर जानलेवा हमला कर दिया गया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पर लाठी लगने से युवक लहूलुहान हो गया और देर रात गांव में चीख-पुकार व अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई और मामला अब क्षेत्र में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम मूड़ा गालिब निवासी राजीव कुमार बीती 18 मई की रात लगभग 10 बजे अपनी बहन के घर ग्राम जगतपुर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि उसी दौरान घर के भीतर किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और उनकी बहन के साथ मारपीट हो रही थी। बहन को बचाने और मामला शांत कराने के उद्देश्य से राजीव कुमार ने बीच-बचाव करना चाहा, लेकिन यही बात हमलावरों को नागवार गुजर गई।

आरोप है कि बहन के पति के बड़े भाई रामशरण ने पहले गाली-गलौज शुरू की और देखते ही देखते विवाद हिंसक रूप ले बैठा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक पीछे से लाठी से हमला किया गया, जो सीधे राजीव कुमार के सिर पर जा लगा। वार इतना जबरदस्त था कि युवक का सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा।

घटना के बाद मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। घायल युवक ने किसी तरह खुद को बचाया और मौके से निकलकर पुलिस सहायता के लिए गुहार लगाई।

बताया जा रहा है कि रास्ते में डायल 112 पुलिस की मदद से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की हालत बिगड़ती देख चिकित्सकों ने विशेष निगरानी में इलाज किया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

घायल युवक राजीव कुमार ने 23 मई को थाना सेहरामऊ उत्तरी पहुंचकर पूरे मामले की लिखित तहरीर पुलिस को सौंपी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ऋक्रसंख्या 0056/2026 दर्ज कर ली। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2), 351(2) और 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक तेज प्रताप मिश्रा को सौंपी गई है।

घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मामूली विवाद ने अचानक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया और रिश्तों की गरिमा पूरी तरह तार-तार हो गई। लोगों का यह भी कहना है कि अगर समय रहते पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद नहीं मिलती तो घटना और भी भयावह हो सकती थी।

वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और अब हर किसी की नजर पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# पिलखुवा पुलिस की कार्रवाई: चेकिंग के दौरान अवैध चाकू सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हापुड़ पुलिस का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सत्यमेव जयते' प्रवेश द्वार का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं विधायक पुत्र ने किया लोकार्पण

लुकमान खान



**पीलीभीत/अमरिया(वेलकम इंडिया)।** विकासखंड अमरिया क्षेत्र के ग्राम अमरैया कलां में नव निर्मित 'सत्यमेव जयते' प्रवेश द्वार का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह एवं विधायक पुत्र निक्की पासवान द्वारा किया गया।

अब गांव में एंट्री होते ही प्रवेश द्वार गेट से ही अमरैया कलां की पहचान होगी। यह स्वागत द्वार बाहर से आने वाले लोगों को एक स्पष्ट संदेश देता है और गांव की एकता व गौरव को बढ़ाता है। साथ ही यह गेट गांव के भौगोलिक क्षेत्र को चिन्हित करने में मददगार होगा, जिससे प्रशासन और ग्राम पंचायत के कार्यों में सुविधा मिलेगी।

प्रवेश द्वार के निर्माण से अब अमरैया कलां को एक अलग पहचान मिली है। लोकार्पण के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह एवं विधायक पुत्र निक्की पासवान अमरैया कलां के हर्बल पार्क पहुंचे, जहां प्रधान सत्यपाल शर्मा ने उनका जलपान कराया। जनप्रतिनिधियों ने हर्बल पार्क में लगाए गए औषधीय पौधों के बारे में जानकारी ली और उनके संरक्षण की सराहना की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कहा कि जल्द ही गांव के लोगों एवं राहगीरों की सुविधा के लिए शीतल जल हेतु वॉटर कूलर लगवाया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को हापुड़ देहात पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज की, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने नगर अध्यक्षों को सौंपी SIR की फाइनल वोटर लिस्ट



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जिला कांग्रेस मुख्यालय पर रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने जिले के तीनों नगर अध्यक्षों को रक्फ़ की फाइनल वोटर लिस्ट सौंपी। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी हापुड़ के अध्यक्ष इरफान अहमद, नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुआ के अध्यक्ष रजनीश त्यागी और गढ़ नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक को सूची प्रदान की गई। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल कलाम को भी रक्फ़ की फाइनल वोटर लिस्ट दी गई।इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में रक्फ़ की फाइनल वोटर लिस्ट बूथ स्तर तक कार्यकताओं को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी कार्यकताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराया जा सके। शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव को गंभीरता से लेते हुए रक्फ़ प्रक्रिया में पूरी मजबूती के साथ जुट गई है। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, वहां पार्टी कार्यकर्ता जाकर वोट बनवाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन पंडित अरविंद शर्मा, SC/ST कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश भाटी, जिला महासचिव गौरव गर्ग, डइउ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अफजाल आढ़ती, जिला महासचिव संजय छाबड़ा, खुशनूद अली, सुधीर शर्मा और एडवोकेट फुरकान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपी सरकार की अनदेखी के चलते ब्राह्मण समाज का शोषण और उत्पीड़न बढ़ा : पं० गोपाल शर्मा

राजेंद्र सिंह




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा ने जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रयागराज, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, देवरिया, सीतापुर, नोएडा, सहारनपुर, मेरठ, हापुड़ सहित कई जनपदों में ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ शोषण, उत्पीड़न और उपेक्षा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार का इस मामले में मूकदर्शक बने रहना बेहद चिंताजनक है। पं० गोपाल शर्मा ने कहा कि नोएडा निवासी एक मॉडल द्वारा मध्य प्रदेश में कथित ससुराल पक्ष के उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि इस मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा स्वतः संज्ञान लिया जाना न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास को मजबूत करता है। विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के स्वतः संज्ञान लेने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज का देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में गौरवशाली योगदान रहा है।

स्वतंत्रता संग्राम में मंगल पांडे, चन्द्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, राम प्रसाद बिस्मिल, तात्या टोपे और रानी लक्ष्मी बाई जैसे अनेक महान विभूतियों ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा राष्ट्रहित में कार्य किया है, इसलिए समाज की उपेक्षा किसी भी रूप में उचित नहीं है।

# बिजली कटौती पर भड़के किसान, आज पूरनपुर विद्युत विभाग के घेराव का ऐलान, भाकियू भानू ने पूछी वीआईपी फीडर की सच्चाई

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पूरनपुर में बिजली विभाग की मनमानी और अघोषित कटौती से त्रस्त भारतीय किसान यूनियन भानू अब आर पार की लड़ाई के मूड में है। यूनियन आज पूरनपुर विद्युत विभाग के दफ्तर का घेराव करने का ऐलान कर दिया है। मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा के नेतृत्व में होने वाले इस घेराव में क्षेत्र के सैकड़ों किसान और कार्यकर्ता शामिल होंगे। यूनियन का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी फाल्ट के नाम पर जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। पूरनपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आधी रात को अघोषित बिजली कटौती करना विभाग की आदत बन गई है भीषण गर्मी में बिजली गुल रहने से जहाँ किसानों की फसलें और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं छात्रों और बीमारों की रातें दुश्वार हो गई हैं। सबसे बड़ा और तीखा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर पूरनपुर के नंबर–1 फीडर को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में कटौती क्यों होती है? किसान यूनियन ने इसे विभाग का भेदभावपूर्ण रवैया करार दिया है। संगठन का सीधा आरोप है कि विभाग कुछ खास इलाकों को वीआईपी सुविधा दे रहा है, जबकि आम ग्रामीण क्षेत्रों को अंधकार में धकेला जा रहा है। मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अपील की है कि आज सुबह 10 :00 बजे तक पूरनपुर विद्युत विभाग पहुंचें। भाकियू भानू ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था में तुरंत सुधार नहीं हुआ और मनमानी कटौती बंद नहीं की गई, तो विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा।

# भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने थाना बिसरख प्रभारी मुनेंद्र कुमार का किया भव्य स्वागत

राजेंद्र सिंह

**नोएडा(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के प्रति मंडल पदाधिकारियों ने रविवार को नवनियुक्त थाना बिसरख कोतवाली प्रभारी श्री मुनेंद्र कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका फूल-माला पहनाकर एवं बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी श्री मुनेंद्र कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आम जनता को न्याय दिलाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन हमेशा किसानों, मजदूरों एवं आम जनमानस की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता रहेगा। साथ ही प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समाजहित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।इस दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु त्यागी एवं युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिंस त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर अंडरपास/पुल निर्माण की मांग को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने डीआरएम से की मुलाकात



राजेंद्र सिंह

**हापुड़/मुरादाबाद(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव (डीआरएम) से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर ग्राम हिम्मतपुर क्षेत्र में सर्विस रोड को सुचारु रूप से जोड़ने के लिए अंडरपास अथवा पुल निर्माण की मांग उठाई।किसान नेताओं ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ जनपद के ग्राम बिजौली से होकर हापुड़ होते हुए प्रयागराज तक बनाया जा रहा है। एक्सप्रेसवे के साथ सर्विस रोड का निर्माण भी किया जा रहा है, लेकिन हापुड़ जनपद के ग्राम हिम्मतपुर में रेलवे लाइन पड़ने के कारण किलोमीटर संख्या 33.850 से 34.650 तक न तो अंडरपास बनाया गया है और न ही पुल।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि इस स्थान पर अंडरपास या पुल का निर्माण नहीं किया गया तो मेरठ और हापुड़ जनपद के करीब 50 से 60 गांवों के किसानों और आम जनता का आवागमन बाधित हो जाएगा। जिले के अधिकांश सरकारी विभाग, दोनों कृषि मंडियां और मुख्य संपर्क मार्ग एनएच-9 इसी रास्ते से जुड़े हुए हैं। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि अंडरपास या पुल नहीं बनने से क्षेत्र में औद्योगिक विकास प्रभावित होगा तथा भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ भी सही तरीके से नहीं मिल पाएगा। उन्होंने मांग की कि ग्राम हिम्मतपुर से एनएच-9 तक सुगम आवागमन के लिए जल्द से जल्द अंडरपास अथवा पुल का निर्माण कराया जाए। इस दौरान कटार सिंह, रवि भाटी, राजेंद्र डागर, जयकरण बंसल सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

# हाइकोर्ट के आदेश के बाद जिले में शुरू हुआ अतिक्रमण हटाने का अभियान

## प्रशासन की कार्रवाई से कही खुशी तो कही गम

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बागेश्वर।** उच्चन्यायालय के सख्त आदेश और जमीनी हकीकत से रूबरू कराने हेतु अतिक्रमण की सूची और प्रशासन द्वारा कराए गए चिन्हीकरण, सड़कों सार्वजनिक स्थानों से जनहित में अतिक्रमण को हटाने के न्यायालय के सख्त आदेश के बाद प्रशासन द्वारा अब चिन्हित हुए अतिक्रमण को हटाने की कवायद तेज कर दी गई है।जहां दो दिनों से लगातार जिला मुख्यालय सहित विभिन्न तहसीलों में चयनित हुए अतिक्रमण को न्यायालय के आदेश के बाद अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान शुरू हो गया है।वही जिला मुख्यालय में अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान भी लगाए है। जहां कुछ लोगो ने इसे केवल हाई कोर्ट को कार्रवाई करने का दिखावा कहा है तो कुछ ने बड़े रसूखदारों पर केवल दिखावे की कार्रवाई करने के आरोप भी लगाते हुए सभी स्थानों पर चयनित अतिक्रमण को हटाते हुए जिला मुख्यालय सहित सभी स्थानों में समान आधार पर कार्रवाई करने की अपील की है।वही वर्षों से अतिक्रमण हटाने और नियमानुसार जबरन बड़े रसूखदारों पर रहम बरते जाने और गरीब लोगों को अतिक्रमण का डंडा दिखाते हुए उनका अतिक्रमण हटाए जाने को गरीबों पर हिटलरशाही दिखाते हुए न्यायालय को अतिक्रमण के नाम पर कार्रवाई होने का दिखावा करने की नीति को गलत बताते हुए पहले बड़े रसूखदारों का अतिक्रमण हटाने हेतु उच्च न्यायालय से गुहार लगाई है।वही अतिक्रमण हटाने हेतु बागेश्वर, व गरुड़ क्षेत्र में तहसील प्रशासन का बुल्डोजर चला,गरुड़ क्षेत्र में एक मकान ध्वस्त भी किया । अतिक्रमण हटाने गई टीम को ध्वस्तीकरण हेतु जगह जगह विरोध का सामना करना पड़ा।गरुड़ तहसील क्षेत्र में चलाए गए अभियान में एक घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। लोगों की मांग थी कि प्रशासन ने एक सप्ताह का समय दिया है। मालूम हो कि अतिक्रमण के खिलाफ हाईकोर्ट में लगी दायर में सुनवाई के बाद 58 अतिक्रमण चिह्नित किए गए।

इसमें से पांच अतिक्रमण हटाने के आदेश हाईकोर्ट ने दे दिए हैं। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए प्रशासन द्वारा अलग अलग चिन्हित स्थानों में जेसीबी मशीन लगाकर अतिकमण हटाने का अभियान चलाया।जहां गरुड़ में भारी विरोध के बाद एक भवन स्वामी ने अपने छत में बैठकर भवन तोड़ने का विरोध किया।

जिसके बाद वहां हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हुआ।वही विरोध के बाद प्रशासन ने उन्हें एक सप्ताह में स्वयं अतिकमण हटा लेने हेतु तहसीलदार निशा रानी ने निर्देश दिए। वही जिला मुख्यालय में नदीगांव रोड में पहले गोमती नदी से अतिक्रमण हटाने और जबरन जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण करने वालों को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए शोशल मीडिया में केवल गरीब लोगों के जबरन स्थान को अतिक्रमण बताते हुए केवल चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई करने और समान आधार पर पहले नगर में सड़क और नालियों में हुए अतिक्रमण को हटाने की अपील की।वही शोशल मीडिया में केवल चुनिदा अतिक्रमणकारियों पर ही दिखावे की कार्रवाई करने के आरोप लगाते हुए सभी स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कर चंपावत, हल्द्वानी की तर्ज पर सड़को का चौड़ीकरण किए जाने की अपील की है।वही जिला प्रशासन ने जल्द नगर सहित अन्य स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अभियान जारी रखने की बात कही है।वही जिले में जिलाधिकारी के1तबादले के बाद नवागत जिलाधिकारी के कार्यभार संभालने के बाद अब कार्रवाई और तेज होने की उम्मीद जताई है।अब ऐसे में फिर पुरानी प्रणाली पर प्रशासन द्वारा केवल दिखावे की कार्रवाई होती है या अतिक्रमण हटाकर जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों को अतिक्रमण मुक्त किया जा सकेगा या नही यह प्रशासन की कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# परिक्रमार्थियों को किया जा रहा दवाओं का निःशुल्क वितरण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** अधिक मास में चल रही ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में बलदेव, कारब,बंदी,माना टेंटी गांव, राया, घड़ी में निशुल्क दवा वितरण कैम्प शिविरों का आयोजन निरंतर चल रहा है।जहां परिक्रमार्थियों को दवाएं निशुल्क वितरित की जा रही हैं।प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार ने बताया कि जगह जगह लगे इन कैंपों का आयोजन अधिक मास के समापन तक निरंतर चलेगा। शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र. अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, सुनील कुमार प्रदेश सचिव टीचर्स विंग, अनुराग शर्मा जिलाध्यक्ष मथुरा, भरत सिंह, जिला कोषाध्यक्ष, अखिल सिंह जिला उपाध्यक्ष, रवी कश्यप जिला उपाध्यक्ष, भखेरन सरपंच, कन्हैया ठेनुआ ,रितिक शर्मा, रामेश्वर शर्मा, विष्णु शर्मा, भारत सिंह, कृष्णा, सत्यवीर सिंह, सुमित,भगवान सिंह, आकाश,अंकित एवं समस्त जिला इकाई का सहयोग चल रहा है।

# जाम मुक्त वृंदावन की मांग को लेकर निकली जनपरिक्रमा, ई-रिक्शा व्यवस्था पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/वृंदावन।** वृंदावन सिविल सोसाइटी के आह्वान पर रविवार को धर्मनगरी वृंदावन में जाम मुक्ति की मांग को लेकर विशाल जनपरिक्रमा निकाली गई। 'एक परिक्रमा प्रशासन के नाम' मुहिम के अंतर्गत आयोजित इस जनआंदोलन में स्थानीय बच्चे, वृद्ध, महिलाएं, पुरुष सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालुओं और ब्रजवासियों ने 'हरे कृष्णा हरे राम, जाम मुक्त वृंदावन धाम', 'एक ही नारा, एक ही काम – जाम मुक्त वृंदावन धाम' जैसे गगनभेदी नारों के साथ पंचकोसीय परिक्रमा लगाई।लोगों के हाथों में 'नहीं चाहिए सड़कों पर ई-रिक्शा', 'जाम मुक्त हो हमारा वृंदावन', 'जाम के झाम से हमें बचाओ' लिखी तख्तियां थीं।परिक्रमा में शामिल व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक एवं समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वृंदावन की संकरी गलियों और प्रमुख मार्गों पर अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन के कारण आए दिन भीषण जाम की स्थिति बन रही है। इससे स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और आपातकालीन सेवाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोगों का कहना था कि वृंदावन की पहचान उसकी आध्यात्मिकता और शांत वातावरण से है, लेकिन आज जाम और अव्यवस्थित यातायात ने लोगों का जीवन दूभर कर दिया है। प्रशासन को तत्काल ठोस नीति बनाकर ई-रिक्शाओं की संख्या नियंत्रित करनी चाहिए। कहा कि परिक्रमा मार्ग श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।यहां लगातार लगने वाले जाम से श्रद्धालुओं की भावना आहत होती है। प्रशासन को स्थायी समाधान निकालते हुए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू करनी चाहिए।लोगों ने कहा कि जाम की समस्या का सबसे अधिक असर व्यापार और स्थानीय बाजारों पर पड़ रहा है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे वृंदावन की छवि भी प्रभावित हो रही है। महिलाओं ने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों और वृद्धजनों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए जाम के बीच निकलना बेहद कठिन हो गया है। वृंदावन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। वृंदावन सिविल सोसाइटी के पदाधिकारी का संयुक्त रूप से कहना था कि यह आंदोलन किसी के विरोध में नहीं, बल्कि वृंदावन के हित में है। ब्रजवासियों की मांग है कि श्रद्धा की नगरी को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराया जाए। जनपरिक्रमा के समापन पर उपस्थित लोगों ने प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# एकादशी पर श्री हरिदेव जी महाराज मंदिर में विशेष उत्सव, फूल बंगले में देंगे दर्शन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/गोवर्धन।** विश्व प्रसिद्ध प्राचीन पौराणिक एवं ऐतिहासिक श्री गोवर्धन नाथ पीठ मंदिर में पुरुषोत्तम मास की एकादशी के अवसर पर विशेष धार्मिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। ब्रज के आराध्य ठाकुर श्री हरिदेव जी महाराज के विशेष श्रृंगार, पंचाभिषेक एवं फूल बंगला दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार, इन दिनों पावन पुरुषोत्तम मास में गोवर्धन धाम के सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। देश-विदेश से पहुंचे भक्त गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर मनोकामनाएं मांग रहे हैं तथा भक्ति भाव से धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर रहे हैं।

मंदिर पीठ में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि 4:30 बजे ठाकुर जी के विग्रह का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचाभिषेक होगा।

इसके पश्चात विशेष श्रृंगार दर्शन, श्रीमद्भागवत सत्संग एवं पारायण का आयोजन किया जाएगा। वहीं संध्याकाल में ठाकुर श्री हरिदेव जी महाराज को दिव्य फूल बंगले में विराजमान कर भक्तों को अलौकिक दर्शन कराए जाएंगे।

पीठाधीश्वर गोस्वामी आचार्य श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराज के निजी सचिव एवं कार्यकारी पीठाधीश्वर युवराज डॉ. केशवाचार्य गोस्वामी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर मंदिर पीठ पहुंचकर ठाकुर जी के विशेष श्रृंगार एवं दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त करें और धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनें।

# जनगणना सहायक रूबी गौड़ एवं सुपरवाइजर अनिल कुमार ने की जिलाधिकारी आवास की जनगणना

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण, अर्थात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण के अंतर्गत नियुक्त प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक मकान का विस्तृत विवरण संकलित करेंगे। सर्वेक्षण के दौरान मकानों की नंबरिंग, भवन की स्थिति, उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक जानकारियों का संकलन किया जा रहा है। आज दिनांक 24 मई 2026 को जिलाधिकारी आवास पर प्रगणक रूबी गौड़ एवं सुपरवाइजर अनिल कुमार द्वारा जनगणना/ गणना का कार्य कराया गया। जिलाधिकारी आवास को मिला जनगणना मकान संख्या। जनपद में विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय एवं सार्वजनिक स्थलों पर मकानों/भवनों की गणना एवं क्रमांकन की कार्यवाही संपादित की जा रही है।

इसी क्रम में विभिन्न सुपरवाइजरों एवं प्रगणको द्वारा स्वगणना के अंतर्गत भरे गए आंकड़ों की पुष्टि की जा रही है तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य संपादित किया जा रहा है। जनगणना राष्ट्र निर्माण की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे पूर्ण शुद्धता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित किया जाना आवश्यक है। जनपद में जनगणना की समीक्षा एवं निगरानी हेतु 98 सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं 9 जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिले में 4773 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाये गये है तथा कार्य संपादित करने के लिए लगभग 4600 प्रगणक एवं 770 पर्यवेक्षक लगाये गये हैं। जनगणना निदेशालय लखनऊ से जिला प्रभारी श्री मृगेंद्र बहादुर सिंह एवं सह जिला प्रभारी श्री अभिषेक पांडे को नियुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया है कि जनगणना के कार्य को पूर्ण सावधानी, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ सम्पन्न कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी घर गणना से वंचित न रहे तथा किसी भी मकान का दोहराव न हो। यह प्रक्रिया केवल मकानों एवं उनमें उपलब्ध सुविधाओं के आंकड़ों के संकलन से संबंधित है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, आधार-भूत सुविधाओं के विस्तार एवं जन-कल्याणकारी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब ने किया रन फॉर हेल्थ का आयोजन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के तत्वावधान में रन फॉर हेल्थ का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य सदस्यों को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इसमें सचिवालय परिवार की 80 से अधिक महिला- पुरुष सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर 'पूरा सचिवालय दौड़ेगा' नारे के साथ प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया। अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों के साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर सचिव संतोष बडोनी, सचिवालय संघ के अध्यक्ष दीपक जोशी, क्लब के अध्यक्ष ललित चन्द्र जोशी, महासचिव राजेंद्र जोशी, मुख्य सलाहकार जीवन सिंह बिष्ट ,रीता कौल, प्रमिला टम्टा, गोदावरी रावत, भुवन चंद जोशी, दिनेश घींगा, सुभाष लोहनी, विद्यादत्त जोशी, भूपेंद्र सिंह और गजपाल सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# श्री आनंद धर्मशाला सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना का सजीव प्रतीक है : धामी

ओ पी उनियाल



**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार में श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा निर्मित धर्मशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षत्रिय कलौता समाज ने सदैव अपने परिश्रम, साहस और संस्कारों के बल पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेती, व्यापार, शिक्षा, समाज सेवा तथा देश की सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज के लोगों ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना, केंद्रीय आर्म्ड पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों में सेवाएं देकर समाज के वीर सपूत राष्ट्र की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बना रहे हैं। उन्होंने श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा धार्मिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण और मानव कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री आनंद धर्मशाला सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना का सजीव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार भारत की आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का प्रवेश द्वार है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु माँ गंगा की गोद में आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण पुण्य और सराहनीय कार्य है। यह चारधाम यात्रा और आगामी कुंभ मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले हरिद्वार कुंभ को भव्य, दिव्य और सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि घाटों के पुनरुद्धार, सड़क व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात और मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि हर श्रद्धालु को सुव्यवस्थित और सुरक्षित अनुभव प्राप्त हो।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान, सनातन मूल्यों और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# सुमित्रानंदन पंत जयंती पर लेखक गांव, थानो में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** सुमित्रानंदन पंत जयंती पर लेखक गांव, थानो में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ,'मैं तुम्हें सपने देने आया हूं, बेचने नहीं। लेखक गांव जैसे स्थान ही उन सपनों को संस्कार और दिशा देते हैं।' उन्होंने युवाओं से साहित्य और पुस्तकों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि आपको एक कविता लिखनी है तो पहले हजार कविताएं पढ़नी होंगी।' कार्यक्रम में 'सुमित्रानंदन पंत साहित्य पर्यटन पथ' विषय पर संगोष्ठी, काव्य पाठ और लघु वृत्तचित्र का आयोजन हुआ। डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि लेखक गांव साहित्य, संस्कृति और रचनात्मक संवाद का राष्ट्रीय केंद्र बनकर उभर रहा है। इस अवसर पर विदुषी निशंक, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, डॉ. मायावती ढकरियाल, डॉ. कमला पंत, डॉ. विद्या सिंह, डॉ. शशांक शुक्ला, संजय महर, डॉ. आरुषि निशंक एवं राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि सहित देशभर के साहित्यकारों और युवा रचनाकारों ने सहभागिता की।

# मथुरा में न्यायालय के आदेशों की खुली अनदेखी! जचौदा भूमि विवाद में 20 साल पुराने बैनामे निरस्त, फिर भी पीड़ित परेशान

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** ग्राम जचौदा में वर्षों से चल रहे बहुचर्चित भूमि विवाद मामले में न्यायालय द्वारा कई बैनामों को शून्य एवं निष्प्रभावी घोषित किए जाने के बावजूद पीड़ित पक्ष को लगातार परेशान किए जाने का आरोप सामने आया है। मामले में भूमाफियाओ और तहसील स्तर के अधिकारियों की कथित मिलीभगत पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मूल वाद संख्या 468/2003 न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायालय संख्या-5, मथुरा में विचाराधीन भूमि विवाद में न्यायालय ने दिनांक 6 अप्रैल 2015 को संबंधित समस्त बैनामों को निरस्त एवं निष्प्रभावी घोषित कर दिया

इसके बाद ताजा वाद संख्या 493/2025, सचिन ठाकुर आदि बनाम पूरन देई आदि में न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र 37-ग स्वीकार किया गया ओर सचिन ठाकुर के सिविल बाद को खारिज कर दिया।

न्यायालय द्वारा जिन दस्तावेजों को शून्य घोषित किया गया उनमें गोविंदा का मुक्तारनामा, पूरन देई पत्नी सनेही राम का पंजीकृत बैनामा, ओमप्रकाश अग्रवाल एवं अरुण कुमार का 30 अगस्त 2003 का बैनामा, पंकज सपरा एवं राजेन्द्र सपरा से संबंधित चक संख्या 304 खसरा नंबर ४१२ रकबा .261 हेक्ट का 10 अगस्त 2004 का बैनामा, और अंजली पुत्री गोपाल प्रसाद एवं आशीष कुमार पुत्र गोपाल प्रसाद से संबंधित बैनामा को सिविल न्यायालय के द्वारा खारिज करने के बावजूद नायब तहसीलदार वृन्दावन श्री प्रशांत द्वारा अनुचित लाभ लेकर शून्य बैनामा का दाखिल खारिज आदेश को बहाल कर दिया है कर दिया है तथा सचिन ठाकुर एवं सोनू अग्रवाल का 3 जनवरी 2024 का बैनामा शामिल हैं।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि न्यायालय द्वारा वर्ष 2015 और पुनः वर्ष 2026 में स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद मथुरा सदर तहसील में सिविल न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि भूमाफिया तत्व तहसील प्रशासन से सांठगांठ कर पीड़ित पक्ष पर दबाव बना रहे हैं और कब्जे व अभिलेखों को लेकर लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों से सिविल न्यायालय के आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# नगर निगम के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम देहरादून के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण कर शहर में संचालित तकनीक आधारित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जीपीएस आधारित वेकल मॉनिटरिंग सिस्टम, स्वच्छता कार्यों की रियल टाइम ट्रैकिंग, सीसीटीवी सर्विलांस एवं शिकायतों के निस्तारण का अवलोकन किया गया। नगर आयुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं पीएमसी को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी व्यवस्थाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# अधिक मास में श्रद्धालुओं की सेवा हेतु शिविर का शुभारंभ

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** अधिक मास में 84 कोस परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुविधा के उद्देश्य से प्रमुख समाजसेवी, भाजपा नेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की विशेष आमंत्रित सदस्य सविता सिंह सौरौत द्वारा ग्राम अड़ूकी स्थित परिक्रमा मार्ग पर विशेष सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। परिक्रमा मार्ग से गुजरने वाले हजारों श्रद्धालुओं को इस शिविर के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर सविता सिंह सौरौत ने बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं के लिए स्नान, शौच, नाश्ता, भोजन, चाय-पानी सहित आवश्यक दवाइयों एवं डॉक्टर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यों में लगे श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। इसी भावना के साथ परिक्रमा मार्ग के अन्य स्थानों पर भी सेवा शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वह पूर्व से ही समाज सेवा एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय रही हैं तथा महिलाओं के हित, बेटियों के विवाह एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती आ रही हैं।

श्रीमती सविता सिंह सौरौत ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपनी 84 कोस परिक्रमा को सुगम एवं सफल बनाएं। शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय लोगों ने सविता सिंह सौरौत का चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर भावना, सुनीता, राकेश प्रधान, संजीव पचहरा, राजू, जितेन्द्र पहलवान, हरेन्द्र तोमर, पवन कुमार प्रधान, राधेश्याम गिरी, रामवीर सिंह बिष्ट, राकेश नौटियाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संतकबीरनगर पुलिस ने लूट व चोरी के मामलों का किया खुलासा, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे व एसओजी प्रभारी रजनीश राय के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी चौकी प्रभारी कांटे, उ0नि0 अश्वनी तिवारी, उ0नि0 अजीत कुमार, हे0का0 मो0 युसूफ , का0 मुकेश यादव, का0 सत्यप्रकाश , का0 जयकिशन गौड़, रि0आ0 अमितेश सिंह व एसओजी प्रभारी रजनीश राय, हे0का0 अनुप राय, हे0का0 विवेक राय, का0 अभिषेक सिंह, का0 शुभम सिंह, का0 वीर बहादुर यादव, का0 सर्वेश मिश्र ने 03 नफर अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ संजू निषाद पुत्र राधेश्याम निवासी भेलवासी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, मोहन निषाद पुत्र विक्रम निवासी जमुहरा बड़का टोला थाना मेहंदावल जनपद संतकबीरनगर, राहुल उर्फ मुनक्का पुत्र ऋषिलाल निवासी जमुहरा बड़का टोला थाना मेहंदावल जनपद संतकबीरनगर को लूट एवं चोरी के कुल 19450 रूपया नगद, चोरी की 4 अदद साड़ी एवं 7 अदद मोबाइल एवं 11 अदद सीमकार्ड, लूट के एक अदद पर्स एवं आधार कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल के साथ डडवा नहर पुलिया के पास से दिनाँक 23.05.2026 को गिरफ्तार किया गया।

### अनावरण हुयी घटनाओं का संक्षिप्त विवरण-

**पहली घटनाः-** दिनाँक 17.04.2026 को वादी गोरख प्रसाद पुत्र शिव प्रसाद निवासी बाहिलपार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 15.04.2026 की रात में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खिड़की के रास्ते घर में घुसकर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 283/2026 धारा 305(ं), 331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

**दूसरी घटनाः-** दिनाँक 21.05.2026 को वादी अमित कुमार त्रिपाठी पुत्र ओमप्रकाश त्रिपाठी निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 19.05.2026 को सफेद कलर की पल्सर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा मड़या ओवरब्रिज के पास वादी को रोककर, मार-पीट कर घायल करने के बाद मोबाइल ए०टी०एम०, डी0एल0 व पर्स में 8000 रुपये लूट लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 418/2026 धारा 309(6) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

**तीसरी घटनाः-** दिनाँक 23.05.2026 को वादिनी पुष्पा देवी पत्नी हरिश्चचन्द्र साहनी निवासी कोदवट थाना महुली जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना महुली पर बावत दिनाँक 17.05.2026 को एक मोटर साइकिल पर सवार कुछ लोगों द्वारा वादिनी का मंगल सूत्र छीन लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना महुली पर मु0अ0सं0 204/2026 धारा 309(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था । साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 420/2026 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो से पूछताछ किया गया तो संजीव कुमार उर्फ संजू और राहुल उर्फ मुनक्का ने बताया कि दिनांक 15.04.2026 की रात वे दोनों बाहिलपार गांव में एक मकान की खिड़की के रास्ते अंदर घुसे थे ।वहां से वे एक बक्सा उठाकर गांव से बाहर ले गए, जिसमें 2,000 नगद, 4 अदद साड़ियां, सोने के दो टप्स (कान के) और चांदी की एक जोड़ी पायल मिली थी।

उसके बाद तीनो नें दिनांक 20.05.2026 को मड़या ओवरब्रिज के उत्तरी छोर पर एक व्यक्ति (अमित त्रिपाठी) को रोककर उसके साथ मारपीट की और उसका पर्स व मोबाइल छीन लिया ।

पर्स में 8,000 नगद, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड था ।रुपयों को तीनों ने आपस में बांट लिया था, दिनांक 17.05.2026 को शाम के समय तीनो ने थाना महुली क्षेत्र के कोदवट गांव में एक महिला से सोने का मंगलसूत्र छीना था ।शेष 7 एंड्रायड मोबाइल उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी किए थे।वे इन मोबाइलों को बेचने के लिए सिद्धार्थनगर और नेपाल बॉर्डर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही पकड़े गए।

### अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ संजू निषाद का आपराधिक इतिहास

- मु0अ0सं0 74/2022 धारा 379, 411 भादवि थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर ।
- मु0अ0सं0 108/2022 धारा 379, 411, 420 भादवि व 66D आई0टी0 एक्ट थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती ।
- मु0अ0सं0 184/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती ।
- मु0अ0सं0 107/2025 धारा 109, 326(G) बीएनएस थाना गीडा जनपद गोरखपुर ।

## न्याय पंचायत चेतिया के ग्राम गांगुडीह में जनगणना का कार्य शुरू



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बांसी/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** विकास खण्ड बांसी के न्याय पंचायत चेतिया अन्तर्गत ग्राम गांगुडीह में गुरुवार को जनगणना 2026-27 के पहले चरण का कार्य शुरू हो गया। पर्यवेक्षक सन्तोष कुमार चौरसिया की देख-रेख में प्रगणक तबरकुन्निसा अध्यापक ने गांव के श्रीकृष्ण देव त्रिपाठी के मकान नंम्बर-1 से मकान सूचीकरण का कार्य प्रारम्भ किया।

इस दौरान गांव में बने सभी पक्के-कच्चे मकानों की गिनती कर कागज पर ग्राम का नक्शा तैयार किया जा रहा है। प्रगणक घर-घर जाकर मकान नम्बर, मुखिया का नाम, परिवार के सदस्यों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की जानकारी एकत्र करेंगी।

साथ ही गांव की गलियों, मंदिर, स्कूल, पंचायत भवन आदि को मानचित्र में दशार्या जायेगा। पर्यवेक्षक सन्तोष कुमार चौरसिया ने बताया कि मकान सूचीकरण का कार्य 45 दिनों में पूरा करना है।

इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। प्रगणक तबरकुन्निसा ने ग्रामवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सही जानकारी दें और पहचान पत्र तैयार रखें गया है।

## जल संरक्षण एवं हर घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताः सांसद जगदम्बिका पाल

असदुल्लाह सिद्दीकी






**उसका/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आयोजित 'जल-अर्पण 2026' कार्यक्रम के तहत रविवार को विकास खण्ड उसका बाजार की ग्राम पंचायत विनैका में 'जल अर्पण दिवस' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डुमरियागंज के लोकप्रिय एवं जनप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया।इस अवसर पर सांसद पाल ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित 'हर घर जल' योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण अत्यन्त आवश्यक है। सांसद पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गांवों तक पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जनता को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि जल का सदुपयोग करें तथा जल संरक्षण को जन आन्दोलन बनाएं।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष दीपक मौर्य, फतेह बहादुर सिंह, लालजी त्रिपाठी 'लाल बाबा', मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अधिशासी अभियन्ता संजय जायसवाल, अवधेश कुमार, उमेश चौधरी, विपिन सिंह, समर बहादुर, राजेश मिश्रा, पंकज कुमार कनौजिया, अभय प्रताप सिंह, श्रेयांश सिंह, संदीप वर्मा, शिवम पाण्डेय, अनुराग वर्मा, सर्वेश दुबे, जसवन्त कुमार, राजकुमार, पंकज जायसवाल, आशुतोष सिंह एवं प्रदीप चौरसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन और राम-कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु



वेलकम इंडिया संवाददाता

**धौलपुर।** अधन्नपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में सराबोर नजर आया। कथाव्यास पूज्य लोकेशानंद महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राजा बलि प्रसंग और प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का अत्यंत जीवंत और भावपूर्ण वर्णन किया। गजेंद्र मोक्ष और समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करते हुए स्वामी लोकेशानंद महाराज ने कहा कि जब संकट के समय संसार के सभी रिश्ते-नाते साथ छोड़ देते हैं, तब केवल परमात्मा ही सच्चे रक्षक बनते हैं। भगवान ने गजेंद्र की करुण पुकार सुनकर ग्राह का वध किया और उसे मोक्ष प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मानव मन ही समुद्र है, जिसमें विचारों का मंथन होता है। जीवन में सफलता के लिए विकारों का विष त्यागकर गुणों का अमृत अपनाना जरूरी है। वामन अवतार और राजा बलि के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा कि दान से मनुष्य का अहंकार दूर होता है। राजा बलि ने अपना सब कुछ भगवान वामन के चरणों में अर्पित कर दिया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान ने स्वयं उनके द्वारपाल बनना स्वीकार किया। यह प्रसंग हमें निस्वार्थ समर्पण की सीख देता है। जैसे ही प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'भए प्रगट कृपाला' के जयकारों से गूंज उठा।

## मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए गाँव में कराया गया फॉगिंग व एन्टी लार्वा का छिड़काव

असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद सिद्धार्थनगर के ब्लाक शोहरतगढ़. अन्तर्गत ग्राम पंचायत खरगवार में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को नियन्त्रित करने हेतु सचिव कुंवर कन्नौजिया द्वारा व्यापक स्तर पर फॉगिंग एवं एन्टीलार्वा छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खरगवार के प्रत्येक टोले को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मच्छर प्रकोप नियन्त्रण अभियान के तहत ब्लाक शोहरतगढ़.के ग्राम पंचायतों में फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है, जबकि ग्राम पंचायत खरगवार में कार्य प्रगति पर है। शुक्रवार से विकास खण्ड शोहरतगढ़ में भी फॉगिंग कार्य प्रारम्भ हो रहा है। विकास खण्ड शोहरतगढ़.खरगवार गाँव और उसमें समाहित टोलों में साथ ही साथ एन्टीलार्वा छिड़काव कार्य भी चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। सचिव कुंवर कन्नौजिया ने बताया कि शोहरतगढ़. ब्लॉक के खरगवार में टीमों द्वारा यह अभियान जारी है जो कुछ दिनों में समाप्त हो जायेगा। बताया कि यह छिड़काव विशेष रूप से जल जमाव, नालियों एवं दूषित जल वाले स्थानों पर कराया जा रहा है। फॉगिंग कार्य प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन में उनके लिखित सूचना पर अधिकारियों के निर्देश पर सम्बन्धित विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों में तैनात अधिकांश कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। ज्ञातव्य हो कि मच्छर प्रकोप नियन्त्रण अभियान हेतु आवश्यक संसाधन जैसे फॉगिंग मशीन, केमिकल एवं तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्य में सिर्फ ग्राम पंचायत के कर्मियों की भौतिक मदद ली जा रही है। फागिंग कार्य की सतत निगरानी भी सचिव कुंवर कन्नौजिया द्वारा स्वंय उपस्थित होकर की जा रही है। जिन गांवों में फागिंग हो रही है वहां के निवासी इस कार्य हेतु प्रशंसा कर रहे हैं। इस दौरान ग्राम पंचायत खरगवार के सचिव कुंवर कनौजिया, ग्राम प्रधान पाटेश्वरी प्रसाद, सफाई कर्मचारी, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गौरवशाली इतिहास व शिल्प का अदभूत नमूना है रणकपुर जैन तीर्थ





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बाड़मेर राजस्थान।** ऐतिहासिक, अदभूत व शिल्प-कला की अनुपम कृति के रूप में दुनिया भर में प्रसिद्ध श्री रणकपुर जैन जैन तीर्थ के प्रति चेतना व जागृति को लेकर थार नगरी, बाड़मेर में शनिवार को रात्रि में कोटड़िया-नाहटा ग्राउण्ड में अहमदाबाद तपोवन के शिक्षार्थियों ने श्री रणकपुर जैन तीर्थ भाव यात्रा का बहुत ही मार्मिक व भावपूर्ण कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि श्री रणकपुर जैन तीर्थ के प्रति चेतना व जागृति लाने को प. पू. आचार्य श्री हंसकीर्ति सूरीश्वरजी म.सा. एवं प. पू. आचार्य भगवन्त श्री भव्यकीर्ति सूरीश्वरजी म.सा. की पावन प्रेरणा से तपोवन अहमदाबाद के शिक्षार्थियों ने स्थानीय कोटड़िया-नाहटा ग्राउण्ड में श्रीरणकपुर जैन तीर्थ भाव यात्रा की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं इससे पूर्व कार्यक्रम का आगाज तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा के समक्ष जैन श्रीसंघ अध्यक्ष एडवोकेट अमृतलाल जैन, बाबुलाल संखलेचा, पारसमल नाहटा, अशोक वडेरा, महेश सिंघवीं एवं मुकेश अमन द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में भाव यात्रा टीम के सदस्यों का बहुमान किया गया।

कार्यक्रम में एंकर मालव भाई ने कहा कि श्री रणकपुर जैन तीर्थ एक गौरवशाली इतिहास होने के साथ-साथ कला व शिल्प का अदभूत नमूना है। श्री रणकपुर जैन तीर्थ के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी और श्री रणकपुर जैन तीर्थ दर्शन को लेकर उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को प्रेरित किया। श्री रणकपुर जैन तीर्थ भाव यात्रा टीम में मालव भाई, साहिल धरू, अक्षत शाह, मयूर जैन, दीप संघवीं, आर्य व नम्र शाह शामिल रहे।

## भाई को भाई से लड़ाने वाले नेताओं को अब जनता देगी जवाबः भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**राजाखेड़ा।** धौलपुर जिले की भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने रविवार को राजाखेड़ा क्षेत्र के दौरे के दौरान अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। पंचायत समिति राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत सिंघावली कला के गांव देवदासपुरा में नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्र भवन के लोकार्पण अवसर पर आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वर्षों तक कुछ नेताओं ने केवल झूठे वादे किए,भाई को भाई से लड़ाया,जातीय राजनीति कर समाज को बांटने का काम किया और विकास के नाम पर जनता को गुमराह किया।लेकिन अब जनता जाग चुकी है और विकास में बाधा बनने वालों को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।भाजपा नेत्री ने फीता काटकर आंगनवाड़ी भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने फूलमालाओं,तिलक और पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।सभा को संबोधित करते हुए नीरजा शर्मा ने कहा कि नौनिहालों का मानसिक और शारीरिक विकास ही समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नए भवन के बनने से अब गांव के छोटे बच्चों को बेहतर वातावरण, पोषण और शिक्षा की सुविधाएं मिल सकेंगी,जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा।नेत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है,और बीते ढाई वर्षों में अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए गए हैं। उन्होंने अपने विरोधियों पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग केवल थाना-तहसील की राजनीति कर लोगों की भावनाओं से खेलते रहे, लेकिन अब समय बदल चुका है। जनता विकास चाहती है और अब ऐसे नेताओं को पहचान चुकी है जो वर्षों तक केवल भ्रम फैलाकर राजनीति करते रहे।

## फरार अभियुक्त के घर की गई कुर्की की कार्यवाही



**संतकबीरनगर।(वेलकम इंडिया)** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में जयप्रकाश दूबे, उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव, उ0नि0 अल्ताफ, उ0नि0 रामजतन, हे0का0 मो0युसुफ ,का0 प्रदीप कुमार पटेल, का0 आदर्श प्रताप सिंह, म0का0 दिव्यांशी, म0का0 ज्योति पासवान ने फरार अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही की गई। थाना दुधारा पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 277/25 धारा 2b(1),3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शराकत पुत्र राजमून उर्फ लंबू निवासी परदशवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के घर दबिश दी गई परन्तु अभियुक्त मौके पर उपस्थित नहीं मिले ।

## भगवान परशुराम शोभायात्रा के संयोजक बने पंडित हरी निवास प्रधान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर।** भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गोविंद वाटिका स्थित कार्यालय पर किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज में सम्मानित छवि रखने वाले पंडित हरी निवास प्रधान को भगवान परशुराम शोभायात्रा का संयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं द्वारा पंडित हरी निवास प्रधान का माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जून माह में भगवान परशुराम शोभायात्रा को दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में निकाला जाएगा। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति, सनातन परंपराओं एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक होगी। गौरतलब है कि पंडित हरी निवास प्रधान वर्तमान में भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति में संरक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। इससे पूर्व वे भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट में महासचिव पद की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शोभायात्रा निकालने से मना किए जाने के बाद शोभायात्रा समिति ने स्वतंत्र रूप से बड़ा निर्णय लेते हुए पंडित हरी निवास प्रधान को संयोजक नियुक्त किया। इस अवसर पर पंडित हरी निवास प्रधान ने कहा कि भगवान परशुराम केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे प्रत्येक व्यक्ति एवं सर्वसमाज के भाई-बंधुओं को सम्मानपूर्वक शामिल किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह शोभायात्रा सामाजिक भाईचारे, सनातन संस्कृति और समाज की एकजुटता का संदेश देने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा होगी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या, न्याय और धर्म की रक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। सनातन धर्म में भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना गया है, जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की स्थापना का कार्य किया। भगवान परशुराम का जीवन समाज को साहस, सत्य, आत्मसम्मान एवं संस्कृति की रक्षा की प्रेरणा देता है। बैठक में मौजूद समिति सदस्यों एवं ट्रस्ट से जुड़े ट्रस्टियों ने भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष से मांग की कि भगवान परशुराम शोभायात्रा को और अधिक दिव्य एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से ट्रस्ट के व्हाट्सएप ग्रुप को ' ओनली एडमिन ' मोड से हटाकर सभी ट्रस्टीगण को अपनी राय एवं सुझाव रखने का अधिकार दिया जाए। उनका कहना था कि जब शोभायात्रा पूरे समाज की है, तो समाज के प्रतिनिधियों को संवाद और सहभागिता का अवसर भी मिलना चाहिए। सदस्यों ने यह भी कहा कि यदि किसी कारणवश सभी को संदेश भेजने की अनुमति देना संभव नहीं है, तो ट्रस्ट यह स्पष्ट करे कि शोभायात्रा से संबंधित समाचार, अपील एवं समाजहित के संदेश किस एडमिन को भेजे जाएं, ताकि उन्हें ट्रस्ट के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया जा सके। उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज संवाद और सहभागिता से मजबूत होता है, प्रतिबंधों से नहीं। बैठक में भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश महदपुरा, मुकेश हनुमानपुरा, नंदकिशोर शुक्ला, उपेंद्र दीक्षित, हरिशंकर शर्मा, गोविंद शर्मा, के.के. शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर में भारतीय किसान यूनियन सेवक की समीक्षा बैठक आयोजित पदाधिकारी हुए शामिल आशुतोष शर्मा

हरेंद्र शर्मा




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में भारतीय किसान यूनियन सेवक की समीक्षा बैठक गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के कार्यालय पर आयोजित की गई। भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश गुर्जर जी और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा जी के नेतृत्व में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया ।

आदेश गुर्जर जी ने बताया किसानों के लिए भारतीय किसान यूनियन सेवा के हापुड़ जनपद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय रूप से लगातार कार्य कर रहा है और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में किसी भी किसान को कोई समस्या होती है उसके लिए संगठन के सभी लोग एकजुट होकर उसका सहयोग करते हैं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा जी ने बताया किसानों को फसल का उचित मूल्य मिले किसानों को बिजली फ्री मिले और किसान आयोग का गठन हो इसके लिए संगठन लगातार प्रयासरत है। भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया 15 जून को गढ़मुक्तेश्वर में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें किसानों से संबंधित कई प्रस्ताव पास किए जाएंगे और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के प्रत्येक किसान को लाभ मिले इसके लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

अंकित भड़ाना को मेरठ मंडल अध्यक्ष, सोबीन गुर्जर को हापुड़ जिला अध्यक्ष, और प्रशांत मुखिया को मेरठ का जिला अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया।

भारतीय किसान सेवक की गढ़मुक्तेश्वर कार्यालय पर मासिक बैठक मै अध्यक्ष आदेश गुर्जर,प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा, आशुतोष शर्मा, मेरठ मण्डल अध्यक्ष अंकित भड़ाना, जिलाध्यक्ष हापुड़ सोविन भाटी, जिलाध्यक्ष मेरठ प्रशांत मुखिया रास्ट्रीय उपाध्यक्ष भोला प्रधान, जितेंदर प्रधान,लाला होटल वाले रविंद्र गुर्जर,एडवोकेट सुशील तंवर, डॉ.संदीप,अजब सिंह, हेमन्त रहीश खा,मनवीर शर्मा,वीरेंद्र सिंह, खालिद, अरविन्द आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका चेयरपर्सन सना खानम ने वार्ड 41 निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया संवाददाता




**रामपुर।** रामपुर नगर पालिका चेयरपर्सन सना खानम ने वार्ड 41 निरीक्षण कर सफाई व विकास कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर पालिका चेयरपर्सन सना खानम ने वार्ड संख्या 41 के मौहल्ला घेर कलंदर खा में निर्माणधीन सड़क व गलियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता को कार्य में गुणवत्ता एवं सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिये। क्षेत्रवासियों ने जनहित में कराये जा रहे निर्माण कार्य की सराहना की और संतुष्टि जताई। इस मौके पर सना खानम ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा पालिका का प्रशासन का हैं जो पूरी ईमानदारी के साथ निभाया जा रहा हैं। शहर की खराब सड़कों को निर्माण तेजी के साथ कराया जा रहा हैं और मरम्मत का काम भी किया जा रहा हैं। उन्होने शहर की अवाम से अपील करते हुए कहा कि शहर को खूबसूरत बनाने में आपका सहयोग जरूरी हैं बिना आपके सहयोग से शहर खूबसूरत नहीं बन सकता। घरों व दुकानों का कूढा पालिका द्वारा रखे गये डस्टबिनों में फेंके।

# किशोरी की जहरीले कीड़े के काटने से हुई मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर/अहमदगढ़।** थाना क्षेत्र के दोका निवासी किशोरी शिवानी उम्र करीब 16 वर्ष पुत्री थान सिंह दिवाकर अपने घर में दोपहर को सो रही थी अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई मुंह से झाग निकलने लगे किशोरी की तबीयत खराब देख परिवार के हाथ पैर फुल गए प परिवार वालों ने पास के गांव चेहला लेकर आए तबीयत ठीक ना होने पर डिवाई लेकर गए जहां किशोरी की मौत हो गई किशोरी के चाचा साहब सिंह ने बताया कि किसी जहरीले कीट के काटने से शिवानी की मौत हो गई है।

रात में ही शिवानी का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया गया। उधर रविवार सुबह 10:00 बजे गमगीन माहौल में शिवानी का अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया। उधर इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक वीडी गंगवार ने बताया है कि मृतक शिवानी का पोस्टमार्टम कराया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत कथा सुनने से कई गुना फल मिलता है: अजय कृष्ण शास्त्री

हरेंद्र शर्मा




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के गांव शाहपुर फगौता में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन मथुरा से आये आचार्य श्री अजय कृष्ण शास्त्री ने उपस्थित भक्तजनों के समूह को श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में समझाया उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में कथा को सुनने से कई जन्मों का फल प्राप्त होता हैं। पुरुषोत्तम मास में कथा सुनना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है इससे तन मन को आध्यात्मिक शीतलता, ओर शान्ति मिलती हैं जिससे पापों का नाश होता है और देवी देवताओं व पितरों की कृपा प्राप्त होती है। पुरुषोत्तम मास सांसारिक कार्यों के बजाय पूर्ण रूप से आध्यात्मिक साधना और विष्णु भक्ति के लिए होता है। इस माह में दान और पुण्य का फल अन्य मास में किए गए दान,व्रत,और अनुष्ठानों का फल सामान्य महीनों की तुलना में कई गुना अधिक प्राप्त होता है। कथा के दौरान बाल कलाकारों के द्वारा भगवान शिव,श्री हनुमानजी माँ दुर्गा के रूप में मनमोहक झाकियाँ निकाली गयी। कथा के आयोजन में सहयोगी रविंद्र राणा व मनमोहन मित्तल व राजू ने बताया कि कल कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर राजीव राणा, भीष्म राणा, मदनपाल, प्रिया, गीता, खुशबू, कुसुम, कौशल, सन्तोष, रूपेश, सुमन, उषा राणा, लता,मालती देवी, गिरधर मित्तल, सुदर्शन मित्तल व संजीव भारद्वाज आकाश शर्मा,सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# मारुति कार और डाक पार्सल पिकअप की भीषण भिड़ंत में 7 लोग घायल, मची अफरा-तफरी



**जहांगीराबाद(वेलकम इंडिया)।** नगर के निकटतम गांव गहना गोबर्धन के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में मारुति कार और डाक पार्सल पिकअप वाहन की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक राहगीर बाइक सवार समेत कुल 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे पलट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहन अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में एक-दूसरे से टकरा गए। भिड़ंत इतनी भयावह थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इस सड़क हादसे की चपेट में राहगीर मोटरसाईकिल सवार भी आ गया। इस जबरदस्त टक्कर से घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से त्वरित राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान मोनू (पुत्र सुभाष), राहुल (पुत्र प्रदीप), पवन (पुत्र राजवीर) और यामीन निवासी दादरी तथा संजय (पुत्र रमेश), पिंटू (पुत्र संजय) और योगेश (पुत्र रुमाल सिंह) निवासी संभल के रुप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर तीन एम्बुलेंस बुलाई और आनन-फानन में सभी 7 घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभारा संगठन के पदाधिकारी पहुंचे थाना सिंभावली के गांव नियाजपुर खय्या में

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत में हुई अखिल भारतीय ब्राह्मण रा संगठन के पदाधिकारी आज जनपद हापुड़ के गांव में नियाजपुर खय्या में पहुंचे जहां पर राजू शर्मा नाम के एक ब्राह्मण भाई को कुछ दबंग व्यक्तियों के द्वारा खेत पर काम कर रहे राजू शर्मा पर हमला कर दिया था।

जिसकी जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के पदाधिकारी को की सूचना दी गई आज पदाधिकारी पीड़ित के गांव में पहुंचे और और सहायता का भरोसा दिलाया और हमला करने वाले व्यक्ति को पीड़ित के घर बुलाकर माफी मांग कर कहां भविष्य में कभी इस परिवार के साथ कभी झगड़ा नहीं होगा। एक दूसरे को प्रेम से रहेंगे गांव के कुछ संभ्रांत लोगों भी पीड़ित के घर बुलाए गए उन्होंने इस मामले को गहराई से लिया और पीड़ित परिवार से कहा हर तरह से आपके साथ है पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजेंद्र शर्मा पश्चिम प्रदेश सचिव अनुज शर्मा जिला अध्यक्ष हापुर पंडित वेद प्रकाश शर्मा जिला सचिव श्री भगवान शर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर लख्मीचंद शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष मुक्तेश्वर गौरव शर्मा विधानसभा अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर पंडित विनोद शास्त्री जिला उपाध्यक्ष संजय शास्त्री क्षेत्रीय सचिव मुकेश शर्मा जिला संरक्षक मंगू शर्मा पंडित बौद्धप्रकेश हैदरपुर पंडित मूलचंद शर्मा संकर टीला संगठन के सदस्य धनंजय तिवारी पंडित राजवीर शास्त्री जी गढ़मुक्तेश्वर ललित शर्मा देवली बृजेश शर्मा बुकलाना राजेश शर्मा अखापुर जिला कोषाध्यक्ष अमित शर्मा हापुड़ धर्मपाल शर्मा शरिफपुर संगठन के और पंडित पुष्पेंद्र शर्मा दाना पंडित प्रभात शमार्दाना जिला संरक्षक मुकेश शर्मा चांदनेर संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी को बहुत-बहुत धन्यवाद बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने पीड़ित परिवार को घर पहुंच कर हर तरह सहायता का भरोसा दिया और पीड़ित को न्याय बहुत-बहुत धन्यवाद जय हो भगवान परशुराम की ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। काफी लोग मौजूद रहे।

# बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** बकरीद को लेकर शांतिपूर्ण संपंन कराने के लिए शनिवार की शाम मिजार्मुराद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान अधिकारियों ने गणमान्य लोगों से त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। मिजार्मुराद थाना में हुई बैठक के दौरान एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव बकरीद को लेकर निर्देश दिए कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न की जाए, सार्वजनिक स्थानों या खुले में कुबार्नी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। खुले में अवशेष या अन्य सामग्री ने फेंके।एसीपी ने कहां की सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी अगर कही किसी के द्वारा कोई शरारत किया गया तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।वही बैठक में मौजूद लोगो के समस्याओं को भी एसीपी द्वारा सुना गया। बैठक में मिजार्मुराद थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा, खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल, कछवांरोड चौकी प्रभारी संदीप सिंह, करधना चौकी प्रभारी अजित मिश्रा, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, हेड दिवान अवनींद्र मिश्रा, मुंशी गोविंद निषाद, कमल प्रजापति समेत ग्रामीण सैयद अली, मकबूल अली, फिरोज खान, सुहैल खान, पन्ना लाल पटेल, उमेश, फरीद, संतोष समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# दोस्त ने ही की दोस्त की ईट से सिर कुचलकर कर हत्या,हत्यारोपी को गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता




**अहमदगढ़।** रविवार सुबह को अहमदगढ़ थाने पर परिजनों ने सूचना दी गई कि ग्राम खुशरुपुर निवासी अरविन्द नामक युवक जो कही मिल नही रहा है पुलिस द्वारा उपरोक्त व्यक्ति की गुमशुदगी दर्ज कर तत्काल कई टीमे गठित कर व्यक्ति की तलाश की गयी। युवक की अंतिम लोकेशन के आधार पर जाकर देखा गया तो वह रजवाहे पुलिया के नीचे मृत अवस्था में मिला।इसके बाद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गयी तो जानकारी मिली कि मृतक अरविंद पुत्र नेत्रपाल सिंह उम्र करीब 23 वर्ष अपने दोस्त कपिल पुत्र सत्तू सिंह के साथ शाम को घर से निकला था जो एक दूसरे के साथ खाते पीते भी थे एवं दोनों के अच्छे सम्बन्ध है। कपिल उपरोक्त को अहमदगढ़ थाना पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया उसने अरविन्द के साथ पुलिया के नीचे बैठकर शराब पी तथा शराब के नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके उपरान्त कपिल ने अरविन्द के सिर में पास में पड़ी ईट से वार किया गया जिससे अरविन्द को गम्भीर चोटे आई एवं उसकी मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह पहुंचे मौके पर घटनास्थल का एसएसपी ने बारीकी से निरीक्षण किया तथा फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये गए। घटनास्थल पर कई थानों का पुलिस फोर्स भी पहुंचा था मौके पर जिसमें सीओ मधुप कुमार सिंह डिबाई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डिबाई विशाल प्रताप सिंह मलकपुर चौकी इंचार्ज शिकारपुर कोतवाली पुलिस अहमदगढ़ थाना पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। उधर एसएसपी ने बताया है कि पुलिस द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लिया गया है एवं उससे पूछताछ की जा रही है जिसमें प्रारम्भिक तौर पर जुर्म को स्वीकार किया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उधर मृतक के पिता नेत्रपाल सिंह ने आरोपी कपिल के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

# पीड़ित की शिकायत पर बहादुरगढ़ थानाध्यक्ष ने तत्काल किया मुकदमा दर्ज आरोपी को भी किया गिरफ्तार

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के बहादुरगढ़ थानाध्यक्ष इंद्रकांत यादव की पुलिस टीम का कार्य शैली को देखते हुए हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने हाल ही में उन्हें थाना बहादुरगढ़ की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी,जो धीरे-धीरे पीड़ितों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है। जिसका नजरा आज तत्काल देखने को मिला,थानाध्यक्ष ने आज नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म की घटना की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर,आरोपी को भी थानाध्यक्ष ने अपनी पुलिस टीम लगाकर चंद घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र का 6 वर्षीय नाबालिग बच्चा खेल रहा था इस दौरान पड़ोस का ही रहने वाला एक युवक मासूम को बहला फुसला कर एकांत स्थान पर ले गया जहां उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया रोता बिलखता मासूम किसी तरह घर पहुंचा तो देख कर परिजनों के होश उड़ गए इसी दौरान परिजन मासूम को थाना बहादुरगढ़ लेकर पहुंचे थानाध्यक्ष इंद्रकांत यादव ने तत्काल परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मासूम को मेडिकल के लिए भेज दिया साथ ही आरोपी को पकड़ने के लिए टीम लगा दी कुछ ही घंटों के अंदर आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थाना प्रभारी इंद्रकांत यादव की तत्काल कार्रवाई से परिवार को मिली संतुष्टि।

# धनियावली में जलभराव व उबड़-खाबड़ रास्तों से ग्रामीण परेशान

वेलकम इंडिया संवाददाता




**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव धनियावली में रास्तों पर जलभराव व उबड़-खाबड़ रास्तों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव प्रधान से अनेकों बार कहने के बाद भी रास्तों को नही बनवाया गया,जिसके कारण बच्चे बूढ़े व महिलाओं का निकलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीण सतपाल उदयवीर किरनपाल प्रेमपाल आदि का कहना है कि गांव प्रधान से अनेकों बार कहने के बाद भी समस्या जस की तस है। इनका ये भी कहना है कि जलभराव वाले रास्तों पर हमने खुद पैसे खर्च करके रोडे डलवाए है। उन्होंने बताया कि इन रास्तों पर 25000 रुपए के रोडे डल चुके हैं।जल भराव वाले रास्तों पर मच्छरों का साम्राज्य है जिससे मच्छर जनित बिमारी फैलने का खतरा है,समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भंयकर बिमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण सतेन्द्र प्रभाष उदयवीर सौदान अमित गुड्डु किशनपाल सतपाल प्रेमपाल मौमराज बचन सिंह महीपाल सुनील संदीप सुरेन्द्र पिन्टू बीना आदि का कहना है कि गांव प्रधान ने कहने के बाद भी ये गांव के मुख्य मार्ग होने के बाद भी नही बनवाये है।

# सिधौना में डीएम की जन चौपाल, ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

संदीप तिवारी





**खानपुर वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** गाजीपुर क्षेत्र के सिधौना में सिद्धनाथ महादेव धाम परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन हुआ। सिधौना पहुंचे डीएम ने सिद्धनाथ धाम में दर्शन पूजन कर जन चौपाल की शुरूआत की। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर प्राप्त शिकायतों पर मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली,राशन, आवास, राजस्व कार्य, पेंशन आदि से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। साथ ही रानू पाण्डेय की शिकायत पर जिलाधिकारी ने शारदा सहायक खंड 36 के अमुवारा रजवाहा और औड़िहार रजवाहा में पानी न आने की समस्या पर कार्यवाही करने तथा मौधा पावर हाउस को जौहरजगंज सब स्टेशन से जोड़ने के लिए बीच में रेल लाइन आने के कारण डीआरएम से एनओसी के लिए पत्र भेजने का निर्देश दिया। सिधौना गांव के सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव, सिधौना में खेल मैदान के लिए गांव में अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा सिधौना के आंगनवाड़ी केंद्र को सक्षम केंद्र में उच्चीकृत करने के निर्देश दिए। एसडीएम को सभी गांवों का भूमि विवाद रजिस्टर बनाने को कहा। सिधौना में कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाने और संशोधन करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिलाओं का गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन हुआ। डीएम ने पंचायत सचिवालय में बनाए गए लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा डीएम और सीडीओ ने सामूहिक पौधरोपण किया। इसके पूर्व सिधौना निवासी प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' के निर्देश पर उपेंद्रनाथ मिश्र ( राष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रह्म राष्ट्र एकम्) ने जिलाधिकारी को अंगवस्त्र और पुस्तक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सीडीओ आलोक प्रसाद, एसडीएम सैदपुर ज्योति चौरसिया, डीडीओ सुभाष सरोज, पीडी दीनदयाल वर्मा, बीडीओ धर्मेंद्र यादव, ग्राम प्रधान गीता सिंह, अनिमेष मिश्र, राकेश मिश्र,दयालु सिंह, श्रवण मिश्र शिवाजी मिश्र कृष्णा नन्द सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गाय को राष्ट्र माता का कानूनन दर्जा दिलाये जाने की मांग उठ रहे हैं। मुस्लिम महासंघ

वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** एक तरफ जहां पूरे देश में मुस्लिम समाज के लोग गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग कर रहे हैं वहीं रामपुर से अब गाय को राष्ट्र माता का कानूनन दर्जा दिलाये जाने की मांग उठ रहे हैं। मुस्लिम महासंघ के राट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता फरहत अली खान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कुछ लोग गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की सरकार से मांग कर रहे हैं। उनमें विशेष तौर से वह लोग भी हैं जो भारत को भारत माता बोलने पर एतराज करते हैं। वंदे मातरम नहीं बोलते, यूसीसी कानून का विरोध करते हैं। ऐसे लोगों से पूछना हैं कि क्या आप गऊ माता की जय बोल सकते हैं। कहेंगे हम नहीं बोल सकते तो भाई फिर मांग क्यों कर रहे हो। गाय सिर्फ पशु ही नहीं हम सभी ज्ञररतीयों की मां हैं यह मैं नहीं कह रहा इतिहास बोल रहा हैं। इसलिए गौमाता को पशु कहने वाले सही शब्दों का प्रयोग करें। यह दर्जे का मामला नहीं भारतीय आस्था का प्रश्न हैं। फरहत अली खान ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश हैं जो संस्कृति के लिए पहचाना जाता हैं। देश के मुस्लिम समाज से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने की मांग सराहनीय हैं लेकिन देश की संस्कृति में गौमाता की अलग ही स्थान हैं। गौमाता को राष्ट्रीय पशु का नहीं बल्कि राष्ट्र माता का कानूनन दर्जा मिलना चाहिए।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान - 2026 का भव्य आयोजन सम्पन्न

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बागपत माँ सर्मिस्ता सेवा संस्कार फाउंडेशन, बुढ़सैनी (बागपत) एवं सर्वोदय संस्कृत आश्रम, बालेनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्रीय संगोष्ठी (भारतीय ज्ञान प्रणाली)' एवं 'राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान - 2026' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन सर्वोदय संस्कृत आश्रम के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संस्थानों के प्राचार्यों, प्रोफेसरों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में हरेंद्र सिंह (सशस्त्र सीमा बल, गृह मंत्रालय), प्रो. (डॉ.) सुरेश चंद्र पचौरी जी (डीन एवं प्रोफेसर, मदरहुड यूनिवर्सिटी, रुड़की), प्रो. (कैप्टन) डॉ. लता कुमार (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शहीद मंगल पांडेय राजकीय कन्या पी.जी. कॉलेज, मेरठ), उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान 'एक शिक्षार्थी के रूप में विकास' पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पुस्तक के लेखक डॉ. नीलम सिंह, डॉ. रागिनी श्रीवास्तव एवं डॉ. हरिश टी. तिरुकप्पा रहे।

कार्यक्रम में स्मारिका का भी विमोचन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षाविदों द्वारा सराहा गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी हेतु देशभर से लगभग 71 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से विशेषज्ञों की समीक्षा के उपरांत 64 शोध पत्रों का चयन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, शोध एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्राचार्यों, प्रोफेसरों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं समाजसेवियों को 'राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान - 2026' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मीडिया जगत से जुड़े पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया, माँ सर्मिस्ता सेवा संस्कार फाउंडेशन के संस्थापक रिछपाल सिंह ने समाज के प्रति हमारे दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. मयंक वर्मा एवं डॉ. रीबा देवी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुरक्षा बंसल जी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. अशोक कुमार यादव, सह-संयोजिका डा० इंद्रा सिंह एवं डॉ. भावना गोयल तथा समाजसेवी श्री शरद यादव जी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर देशभर से आए अनेक शिक्षाविद, शोध छात्र, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मोदी कॉलेज में आई ए एस की प्रारंभिक परीक्षा के दौरान एडीएम और एसडीएम का आकस्मिक निरीक्षण

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस की प्रारंभिक परीक्षा दो पालियां में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई प्रथम सत्र 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और द्वितीय सत्र ढाई बजे से 4:30 तक था प्रथम पाली की परीक्षा में विद्यालय में पंजीकृत 1000 छात्रों में से 596 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और द्वितीय पाली की परीक्षा में 1000 पंजीकृत छात्रों में से 590 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए इस प्रकार द्वितीय प्रश्न पत्र में छह परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी द्वितीय प्रश्न पत्र में अवनीश कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद में अजीत कुमार एसडीएम मोदीनगर द्वारा केंद्र का निरीक्षण किया गया परीक्षा के दौरान सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पाई जाने पर विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की विद्यालय में प्रवेश के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की गई प्रत्येक परीक्षार्थी का संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त टीम द्वारा फेस आइडेंटिफिकेशन किया गया जिससे कोई भी फर्जी छात्र परीक्षा में ना बैठ सके पूरे परीक्षा के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को अक्रियाशील करने के लिए पूरे परीक्षा केंद्र पर जैमर लगा दिए गए।

# राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा किया गया स्वागत समारोह का आयोजन



**अनिल वशिष्ठ**

मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। राष्ट्रीय परशुराम परिषद सीकरी रोड स्थित कार्यालय पर एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सभासद पंडित दीपक वत्स द्वारा संगठन के बारे में जानकारी दी एवं ग्राम अबुपुर एवं मोदीनगर मे परशुराम जन्मोत्सव की यात्रा को भव्य बनाने वाले नौजवानों को भी सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है, इसलिए युवाओं को संगठन को मजबूत करते हुए भारतीय संस्कृति और सभ्यता के साथ-साथ अपने संस्कारों को भी आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से हेमन्त पालीवाल सभासद, देवीशरण शर्मा, ललित शर्मा,विपिन वत्स,नितिन शर्मा, गुड्डु पंडित डॉक्टर विनोद शर्मा, सचिन शर्मा,निखिल वत्स, मोहन चौधरी,रजत शर्मा,सुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रिपोर्ट दर्ज करने के लिए चक्कर काट रही पीड़िता ने न्याय नहीं मिलने पर दी कमिश्नर ऑफिस के सामने आत्मदाह की चेतावनी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** बेगमाबाद के जटवारा मोहल्ला निवासी मंजू नेहरा धर्मपत्नी स्व. सुजीत कुमार ने एक स्थानीय रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता कर गांव के कुछ व्यक्तियों पर उसके प्लॉट पर निर्माण न करने देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया है साथ ही पीड़िता ने न्याय न मिलने की स्थिति में पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के ऑफिस के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। बेगमबाद जटवारा मोहल्ला निवासी मंजू नेहरा ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उसका एक 500 गज का प्लॉट बेगमाबाद में है जिस पर मंजू के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा



रहा था लेकिन गांव के ही कुणाल नेहरा, सुनील नेहरा तथा गोलू नेहरा व्यक्ति हैं ने मंजू के द्वारा उसके खुद के प्लाट पर पर निर्माण कराए जाने पर फर्जी तरीके से आपत्ति दर्ज कराते हुए गाजियाबाद कोर्ट से ढाई सौ गज प्लॉट एरिया पर स्टे आर्डर ले लिया है।

इसके बाद मंजू ने न्यायालय के आदेश को मानते हुए बाकी बचे हुए ढाई सौ गज एरिया पर निर्माण कार्य करना शुरू किया था लेकिन इसी बीच कुणाल नेहरा सुनील नेहरा और गोलू नेहरा मौके पर पहुंचे और प्लॉट की चिनाई का काम कर रहे न सिर्फ मजदूर के साथ मारपीट गाली गलौज कर उन्हें वहां से भगा दिया साथ ही पीड़िता मंजू के साथ भी गाली गलौज, और बदतमीजी की।

इसकी लिखित शिकायत पीड़ित मंजू नेहरा द्वारा एसीपी मोदीनगर तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से की गई थी। लेकिन पीड़िता द्वारा बार बार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर की गई शिकायत पर अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न हीं इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ कोई रिपोर्ट ही दर्ज की गई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके द्वारा शनिवार को इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोदीनगर से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने शाम को आने की बात कही और पीड़िता को थाने के बाहर से ही उसकी बात सुने बगैर चलता कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस द्वारा उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है अब पीड़िता का कहना है कि यदि आरोपियों के खिलाफ मोदीनगर पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती है तो वह सोमवार को उच्च अधिकारियों से मिलकर इस संबंध में शिकायत करेगी। और यदि उच्च अधिकारियों द्वारा भी आरोपियों द्वारा उसका उत्पीड़न किए जाने के संबंध में कोई सुनवाई नहीं की जाती है तो पीड़िता मंजू पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लेगी और इसके लिए समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

# ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस के पद पर राकेश सोनी को किया मनोनीत



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंदपुरी साजिद खान के स्थान पर राकेश सोनी संतपुरा निवासी को मनोनीत किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के शहर अध्यक्ष बृजेश सेन द्वारा निर्णय लिया गया की पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गोविंदपुरी साजिद खान बिसोखर निवासी काफी समय से निष्क्रिय चल रहे थे। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि उनके स्थान पर राकेश सोनी को ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर मनोनीत किया जाए ताकि कांग्रेस पार्टी गोविंदपुरी ब्लॉक में मजबूती के साथ कार्य कर सके नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गोविंदपुरी राकेश सोनी ने कहा कि वह गोविंदपुरी ब्लॉक में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए यथासंभव प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर चांद वीर चौधरी, आकाश कुमार, आकाश तंवर, विशाल कौशिक, श्रीओम शर्मा, भिखारी लाल कश्यप, पवन कोरी, आरिफ रिजवी, अनस सैफी, जहीर खान और शमशाद के साथ अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने थामा राष्ट्रीय लोकदल का दामन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की जनहितकारी नीतियों, किसानों, युवाओं, व्यापारियों एवं सर्व समाज के प्रति सकारात्मक सोच और मजबूत नेतृत्व से प्रभावित होकर मोदीनगर में व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों सम्मानित नागरिकों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता अभियान राष्ट्रीय लोकदल के बागपत के लोकप्रिय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में व्यापारियों, युवाओं एवं समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र के सैकड़ों प्रतिष्ठित लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों का फूल-मालाओं एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल आज किसानों, व्यापारियों, युवाओं एवं सर्व समाज की आवाज बनकर उभरा है। चौधरी जयंत सिंह की सरल कार्यशैली एवं




विकासवादी सोच से समाज का हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख सम्मानित साथी प्रमुख रूप से मुकुल कुमार गर्ग, प्रदीप तायल, अश्वनी कौशिक, ठाकुर बलदेव सिंह, सुनील चावला, विकास गोयल, विकास नरूला, सहित सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा राष्ट्रीय लोकदल किसानों, व्यापारियों, युवाओं एवं गरीबों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह उत्तर प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदेश महासचिव; रणवीर सिंह दहिया, राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव बालियान, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पूनम गर्ग महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन चौधरी, अरुण चौधरी भूलन क्षेत्रीय महासचिव, अरुण दहिया प्रोफेशनल मंच के क्षेत्रीय अध्यक्ष, रामभरोसे मौर्य, विनोद , सत्येंद्र तोमर, चौधरी तेजवीर डबाना , ललित सैन सभासद, के पी प्रमुख, वीरेंद्र प्रधान , मोदीनगर नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी क्षेत्रीय महासचिव विनोद चौधरी क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# प्लॉट पर कब्जे की कोशिश बनी खूनी संघर्ष की वजह, महिला समेत चार घायल



**कपिल चौहान**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मूंजखेड़ा गांव में प्लॉट पर कब्जे को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शिवकुमार के अनुसार उन्होंने कुछ वर्ष पहले गांव के एक व्यक्ति से प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि रविवार सुबह प्लॉट बेचने वाला व्यक्ति अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दोबारा जमीन पर कब्जा करने पहुंच गया। सूचना मिलने पर शिवकुमार अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध किया। बताया गया कि विवाद के दौरान पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घटना में सुखबीर, सुरेंद्र, रामू और सीमा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर राजवीर, विकास और बबीता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, कार्यकताओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** जगन्नाथ नर्सिंग कालेज मेभारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस सत्र में मुख्य वक्ताओं के रूप में केन्द्रीय प्रशिक्षित टोली सदस्य राजकुमार शर्मा , पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल जी,प्रदेश उपाध्यक्ष बृजबहादुर सिंह ,पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ,प्रदेश मंत्री डा चन्द्रमोहन ,विधायक संजीव शर्मा ,पूर्व महानगर अध्यक्ष एस.पी सिंह ,प्रदेश मंत्री अमित बाल्मीकि, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ,प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी जी,राष्ट्रीय मंत्री एंव सांसद सुरेन्द्र नागरजी आदि वक्ता उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गाजियाबाद चौधरी चैनपाल ने की। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' का दर्शन ही हमारे संगठन की आत्मा है। समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना ही इस प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे यहाँ से सीखे गए विचारों और सिद्धांतों को धरातल पर उतारें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

सत्रों में हुआ वैचारिक मंथन दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल ग्यारह सत्रों आयोजित किए गए। विभिन्न सत्रों में पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ताओं ने कार्यकताओं को संगठन की कार्यपद्धति,विचार परिवार ,वैचारिक अधिष्ठान, इतिहास विकास, कार्य विस्तार एंव चुनाव प्रबंधन, कार्य पद्धति, मिडिया प्रबंधन, सोशलमीडिया सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं, बूथ प्रबंधन, मन की बात,देश के सामने चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यकताओं में दिखा भारी उत्साह जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल जी ने अपने धन्यवाद भाषण में कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा और वैचारिक स्पष्टता आई है। वर्ग में लोनी विधायक नन्दकिशोर ,मोदी नगर विधायक श्रीमती डा०मंजू शिवाच ,जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती ममता त्यागी ,चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह ,सहित सभी वरिष्ठ प्रमुख कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने पूर्ण अनुशासन के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का आरम्भ वंदेमातरम्से तथा समापन जन गण मन से हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मदरसे में गाय के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब महापौर सुनीता दयाल ने वसुंधरा जाते समय हिण्डन बैराज के पास दो बच्चों को संदिग्ध हालत में देखा। बच्चों के पास एक साइकिल और कट्टा रखा हुआ था। आसपास फैले कूड़े और बच्चों की गतिविधियों को देखकर महापौर ने गाड़ी रुकवाई और उनसे पूछताछ शुरू की। शुरूआत में बच्चे कुछ भी बताने से बचते रहे, लेकिन सख्ती करने पर उन्होंने जो जानकारी दी, उससे माहौल गर्मा गया। बच्चों ने बताया कि वे नदी में 'सामानइ फेंकने आए हैं। जब महापौर ने पूछा कि कट्टे में क्या है, तो बच्चों ने बताया कि उसमें गाय का मांस और अवशेष हैं। यह सुनते ही महापौर मौके पर गाड़ी से उतरीं और



बच्चों से विस्तार से जानकारी ली। बच्चों ने कथित तौर पर बताया कि उन्हें कनावनी स्थित एक मदरसे से मौलाना द्वारा भेजा गया था और इससे पहले भी कई बार नदी में इसी तरह अवशेष फेंके जा चुके हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने तुरंत डीसीपी ट्रांस हिंडन और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को अपने साथ थाने ले गई। बाद में मौके पर पहुंचे मौलाना और उनके कुछ साथियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई। पुलिस ने कट्टे में मिले अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। घटना के बाद महापौर सुनीता दयाल ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और करोड़ों लोग उसकी पूजा करते हैं। ऐसे में चोरी-छिपे गाय की हत्या कर उसके अवशेषों को नदी में फेंकना बेहद गंभीर और निंदनीय कृत्य है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार नदियों की सफाई और स्वच्छता अभियान चला रही है, लेकिन कुछ लोग धार्मिक भावनाओं को आहत करने के साथ-साथ नदियों को भी प्रदूषित कर रहे हैं। महापौर ने यह भी कहा कि मदरसे शिक्षा और संस्कार देने के केंद्र होते हैं, जहां बच्चों को बेहतर भविष्य की दिशा दिखाई जानी चाहिए। यदि वहां बच्चों को इस प्रकार के कार्यों में लगाया जा रहा है तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मौलाना बच्चों को सही शिक्षा देने के बजाय उन्हें गलत गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं, जिससे समाज और देश दोनों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का इस्तेमाल कर अवशेष नदी में फिंकवाना बेहद शर्मनाक है, क्योंकि इससे किसी को शक भी नहीं होता। महापौर ने साफ शब्दों में कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी धार्मिक स्थल या शैक्षणिक संस्थान इस तरह की गतिविधियों का केंद्र न बन सके। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई और मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि मामले की गहराई से जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

# दहेज हत्या के बढ़ते मामलों पर गुर्जर समाज एकजुट, कुप्रथा खत्म करने को बनाई रणनीति

**कपिल चौहान**

**ग्रेटर नोएडा(वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा में लगातार बढ़ रहे दहेज हत्या के मामलों को लेकर गुर्जर समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। इसी विषय को लेकर भाजपा नेता राजू भाटी के कार्यालय पर गुर्जर समाज की एक महत्वपूर्ण नीति बैठक आयोजित की गई, जिसमें दहेज प्रथा पर रोक लगाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भाजपा नेता राजू भाटी, चैन पाल प्रधान, मुकेश भाटी, निशांत खारी, सुमित बैसला, राम खिलाड़ी और मनमोहन सिंह समेत गुर्जर समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि दहेज जैसी सामाजिक कुप्रथा अब बेटियों की जान लेने का कारण बनती जा रही है। हाल के दिनों में सामने आए दहेज हत्या के मामलों ने पूरे समाज को झकझोर दिया है, जिससे लोगों में चिंता और नाराजगी बढ़ी है। समाज के प्रतिनिधियों ने दहेज लेने और देने वालों के सामाजिक बहिष्कार, युवाओं में जागरूकता अभियान चलाने तथा समाज स्तर पर सख्त नीति लागू करने पर जोर दिया। बैठक में प्रशासन से दहेज हत्या के मामलों में आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग भी की गई। समाज के लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि समाज को सुरक्षित और बेटियों को सम्मानजनक जीवन देना है, तो दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करना होगा।

# फेक नैरेटिव के खिलाफ भाजपा का प्रशिक्षण मंत्र, 2027 विजय संकल्प के साथ हुआ महाअभियान का समापन








कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन आईटीएस कॉलेज, मुरादनगर में उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के खिलाफ सुनियोजित तरीके से फेक नैरेटिव तैयार कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से भारत की छवि को कमजोर करने और उसे पिछड़ा व अवैज्ञानिक साबित करने के प्रयास हुए, जबकि भारतीय वैज्ञानिकों और प्रतिभाओं ने विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व की कई बड़ी संस्थाओं और कंपनियों में भारतीय मूल के लोग नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है और नकारात्मक नैरेटिव को प्रभावी ढंग से चुनौती दी है। आज भारत तकनीक, डिजिटल क्रांति, उत्पादन क्षमता और आर्थिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को संगठनात्मक कार्यशैली, अनुशासन, जनसंपर्क, डिजिटल संवाद, वैचारिक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकताओं ने राष्ट्रवादी विचारधारा को और अधिक मजबूती से आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एमएलसी श्रीचंद शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल और मंत्री नरेंद्र कश्यप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूरे प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक अनुशासन और 2027 विजय संकल्प की मजबूत झलक देखने को मिली।

## गांव-गांव मजबूत होगा संगठन, किसान हितों के लिए चलेगा बड़ा अभियान




कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन भगत सिंह संगठन का विस्तार कार्यक्रम रविवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय मुख्य महासचिव दिलदार अंसारी ने किया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, किसान हितों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन भाटी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता हातम सिंह भाटी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा भविष्य में बड़े स्तर पर आंदोलन और जनसंपर्क अभियान चलाने की रूपरेखा तैयार की गई।

इस अवसर पर संगठन से जुड़े बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान साथी मौजूद रहे। सभी ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा किसान हितों की आवाज को बुलंद करने का संकल्प लिया। बैठक में किसान एकता को मजबूत करने और किसानों के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

## हिंडन नदी में कथित प्रतिबंधित मीट फेंकने की सूचना से मचा हड़कंप, महापौर पहुंचीं मौके पर




कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** हिंडन नदी किनारे कथित रूप से प्रतिबंधित मीट फेंकने की सूचना मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली। आरोप है कि दो नाबालिग बच्चे मीट से भरे पैकेट लेकर नदी की ओर पहुंचे थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

महापौर सुनीता दयाल ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद पकड़े गए लोगों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है और मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

## लोनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अश्लील हरकत व धमकी के मामले में वांछित अभियुक्त रामजीत गिरफ्तार



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** दिनांक 07.04.2026 को वादिया द्वारा थाना लोनी पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त रामजीत पुत्र रामसुंदर, निवासी निशांत कॉलोनी, अशोक विहार, लोनी, गाजियाबाद द्वारा उनकी 22 वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकतें की गईं तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी पर तत्काल सुसंगत धाराओं 74/351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान एवं मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर धारा 74 बीएनएस को हटाते हुए धारा 64 बीएनएस की वृद्धि की गई।

इसके पश्चात दिनांक 23.05.2026 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रामजीत पुत्र रामसुंदर, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब बना बीडीएम कप चैंपियन, फाइनल में अरवाचिन भारती भवन को हराकर जीता खिताब




कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** बीडीएम कप के फाइनल मुकाबले में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अरवाचिन भारती भवन की टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 259 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से सौम्य बक्शी ने शानदार 57 रन की पारी खेली, जबकि शौर्य मलिक ने 49 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा शिवांश पांडे ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 259 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरवाचिन भारती भवन की टीम फ्रेंड्स क्लब की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम निर्धारित लक्ष्य से काफी पहले ऑलआउट हो गई। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की ओर से शौर्य मलिक ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

टूनामेंट के समापन पर खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। शिवांश पांडे को बेस्ट बल्लेबाज, देव कुमार को बेस्ट ऑलराउंडर और शौर्य मलिक को बेस्ट गेंदबाज चुना गया। फाइनल जीत के साथ फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पूरे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इउद्द कप का खिताब अपने नाम किया।

## अपराधियों पर सख्ती, जनता से संवाद और त्योहारों पर फोकस: ट्रांस हिंडन जोन की पुलिस बैठक में बने बड़े एक्शन प्लान





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** ट्रांस हिंडन जोन में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से थाना साहिबाबाद में रविवार को महत्वपूर्ण पुलिस गोष्ठी आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात) श्री राजकरन नैय्यर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ट्रांस हिंडन जोन के सभी चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी तथा सहायक पुलिस आयुक्त शामिल हुए। बैठक में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने, नियमित गश्त बढ़ाने और स्थानीय नागरिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत सख्त कार्रवाई की रणनीति तैयार की गई। गोष्ठी में लंबित गैर-जमानती वारंटों की तामील सुनिश्चित करने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा रात्रि गश्त को और अधिक सघन बनाने का निर्णय लिया गया।

वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सीनियर सिटीजन सेल को सक्रिय करने तथा महिला अपराधों की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बैठक का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को जनहितकारी, जवाबदेह और प्रभावी बनाते हुए जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करना है।

## लोनी में अवैध पशु बाजार व खुले में कुबानी पर सख्त कार्रवाई की मांग, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डीसीपी को लिखा पत्र

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में अवैध पशु बाजार, खुले में पशुओं की बिक्री तथा कथित रूप से हो रही कुबानी को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डीसीपी ग्रामीण, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के निकट होने के कारण लोनी विधानसभा क्षेत्र एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां पशु कटान, मांस-हड्डी एकत्रीकरण एवं संबंधित गतिविधियों पर विशेष नियम लागू हैं। इसके बावजूद क्षेत्र के कई स्थानों पर खुलेआम बकरों, कटरों और भैंस आदि की बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि सड़कों और बाजारों में खुले में पशु बिक्री से स्थानीय नागरिकों को असुविधा हो रही है और क्षेत्र में गंदगी व अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। साथ ही कुछ स्थानों से अवैध गतिविधियों की सूचनाएं मिलने की बात भी पत्र में कही गई है, जिससे कानून-व्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका जताई गई है। विधायक ने मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों, अवैध पशु बाजार संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा ऐसे बाजारों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए।

## मुरादनगर पुलिस की कार्रवाई: चोरी के इन्वर्टर और बैटरियों समेत दो शातिर चोर दबोचे



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना मुरादनगर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का एक इन्वर्टर और दो बैटरियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 की रात गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान पुत्र करीमुद्दीन निवासी ग्राम नेकपुर, थाना मुरादनगर तथा सोनू उर्फ बंदर पुत्र यशपाल निवासी जागृति विहार कालिया गढ़ी, थाना मेडिकल जनपद मेरठ के रूप में हुई है।

पूछताछ और बरामदगी के दौरान आरोपियों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी किया गया एक इन्वर्टर और दो बैटरियां बरामद हुईं। मामले में थाना मुरादनगर में दो मुकदमे दर्ज हैं और बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास और अन्य संभावित वारदातों की जांच की जा रही है तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## सेक्टर-34 को मिली नई सौगात: कम्युनिटी सेंटर में पैसेंजर लिफ्ट का लोकार्पण, बुजुर्गों को होगी बड़ी राहत





कपिल चौहान

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित कम्युनिटी सेंटर में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए निर्मित नई पैसेंजर लिफ्ट का लोकार्पण सांसद डॉ. महेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोकार्पित की गई नई लिफ्ट से कम्युनिटी सेंटर में आने वाले लोगों, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

साथ ही उनकी आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सहज हो सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए जनसुविधाओं के विस्तार और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देने की बात कही गई।

साथ ही लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों पर भी चर्चा की गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी और जनहित से जुड़ा कदम बताया।